सुविचार

प्रार्थना ऐसे करो जैसे सब कुछ भगवान पर निर्भर करता है। और प्रयास ऐसे करो जैसे सब कुछ आप पर निर्भर करता है।

RNI : RAJHIN13216/2005

दैनिक

# गरीबों का सितारा

।। दशकों पुराना साथ।।

निष्पक्ष कलम निर्भीक आवाज

"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार"

हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com

हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

वर्षः 18 | अंकः 133 | पेजः 8 | मूल्य 01 रु. | जयपुर, सोमवार 11 दिसंबर, 2023 | Email: garibonkasitara@gmail.com


# राजस्थान में मुख्यमंत्री फेस को लेकर सस्पेंस बरकरार

## आज हो सकती है विधायक दल की बैठक, राष्ट्रपति के लखनऊ दौरे के कारण बढ़ी डेट



**जयपुर।** राजस्थान में मुख्यमंत्री कौन होगा? यह अभी तय नहीं हो पाया है। अटकलें लग रही थीं कि भाजपा विधायक दल की बैठक सोमवार को हो जाएगी। इसके बाद सीएम फेस का भी खुलासा हो जाएगा। मगर ऐसा होता नहीं दिख रहा। रविवार देर रात तक बीजेपी विधायकों के पास बैठक को लेकर कोई मैसेज नहीं पहुंचा था।

ऐसे में अब उम्मीद जताई जा रही है कि मंगलवार को विधायक दल की बैठक हो सकती है। बैठक टलने की वजह राष्ट्रपति का लखनऊ दौरा माना जा रहा है। राजस्थान के ऑब्जर्वर बनाए गए राजनाथ सिंह लखनऊ से सांसद हैं। ऐसे में राष्ट्रपति के कार्यक्रम के दौरान उनकी मौजूदगी भी प्रस्तावित है।पार्टी पदाधिकारी भी आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं बता रहे हैं। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, मध्य प्रदेश के बाद राजस्थान सीएम पर फैसला होगा। सीएम चयन में तीनों राज्यों में एक ही पैटर्न अपनाया जाएगा। विधायक दल की बैठक मंगलवार या फिर बुधवार तक भी खिसक सकती है।

इस बीच, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे रविवार सुबह दिल्ली से जयपुर पहुंचीं। दोपहर में उनके आवास 13, सिविल लाइंस पर भाजपा के 13 विधायक मिलने पहुंचे। विधायक दल की बैठक से पहले वसुंधरा से विधायकों की मुलाकात को अहम माना जा रहा है। विधायकों के साथ पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी, पूर्व मंत्री देवी सिंह भाटी, पूर्व मंत्री राजपाल सिंह शेखावत, पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल भी वसुंधरा से मिलने पहुंचे।

### जोशी बोले- विधायक कर रहे शिष्टाचार मुलाकात

वसुंधरा राजे से विधायकों की मुलाकात को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने शिष्टाचार मुलाकात करार दिया। रविवार देर रात भाजपा मुख्यालय में मीडिया से बातचीत में जोशी ने कहा- वसुंधरा राजे पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और दो बार मुख्यमंत्री रही हैं। वरिष्ठ नेताओं से जीते हुए जनप्रतिनिधि लगातार मुलाकात कर रहे हैं। वह पार्टी कार्यालय भी आते हैं। ऐसे में यह एक सामान्य मुलाकात है। वहीं प्रहलाद गुंजल के वसुंधरा राजे को मुख्यमंत्री बनने के बयान पर जोशी बोले कि ऐसी कोई बात मेरी जानकारी में नहीं है। अगर ऐसा है, तो उसे भी देखेंगे। जोशी ने यह भी कहा कि जल्द ही विधायक दल की बैठक होगी।

पुलिस का इकबाल कायम...

# गिरफ्तार : गोगामेड़ी के हत्यारे शूटर नेपाल भागने से पहले पकड़े गए

## जयपुर पुलिस कमिश्नर और एडीजे क्राइम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर किया खुलासा

### हिसार स्टेशन पर सीसीटीवी कैमरे में हुए थे कैद

### 1 लाख के इनामी गैंगस्टर के संपर्क में थे





सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या करने वाले दोनों शूटर्स को पुलिस ने शनिवार देर रात चंडीगढ़ से पकड़ लिया। राजस्थान पुलिस को दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच के साथ जॉइंट ऑपरेशन में यह कामयाबी मिली। नितिन फौजी को पुलिस सुबह 9 बजे जयपुर लेकर पहुंची। दूसरे शूटर रोहित राठौड़ को दोपहर 2:30 बजे जयपुर लेकर आई। दोनों को सोडाला थाने में रखा गया है। दोनों नेपाल भागने की फिराक में थे।

एडीजी क्राइम दिनेश एमएन ने बताया कि गोगामेड़ी की हत्या करने के बाद दोनों बदमाश रामवीर के साथ बगरू टोल तक पहुंचे थे। जहां से नितिन फौजी और रोहित राठौड़ बस से डीडवाना पहुंचे। डीडवाना से दोनों ने टैक्सी ली और सुजानगढ़ पहुंचे।

सुजानगढ़ से दिल्ली की बस में बैठकर रवाना हुए, लेकिन दोनों धारूहेड़ा पर ही बस से उतर गए। पीछे-पीछे पुलिस चल रही थी, पुलिस ने जब बस ड्राइवर को इन दोनों के बारे में पूछा तो बताया कि दोनों धारूहेड़ा उतरे हैं। जिसके बाद पुलिस ने हरियाणा जाने वाली बस-ट्रेनों को सर्च किया।

पुलिस को दोनों बदमाश की लोकेशन हिसार रेलवे स्टेशन पर मिली। वहां के सीसीटीवी फुटेज आने पर दोनों की तलाश में टीमें हिसार भेजी गईं, लेकिन ये बदमाश वहां से मनाली के लिए निकल गए। मनाली में इनकी लोकेशन मिलने पर टीमें रवाना हुईं तो ये वहां से ये चंडीगढ़ पहुंच गए, यहां होटल में रुके। दिल्ली पुलिस को शनिवार दोपहर 2 बजे इनके चंडीगढ़ में होने की पुख्ता जानकारी मिली। दिल्ली पुलिस के एडीजी क्राइम रविंद्र सिंह ने राजस्थान पुलिस संपर्क किया।

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ और एडीजी क्राइम ने अपनी टीम के 7 अफसरों और पुलिसकर्मियों को इस ऑपरेशन में भेजा। पुलिस को डर था की दोनों बदमाशों के पास हथियार हो सकते हैं। अगर पुलिस ने दोपहर या शाम को रेड की और दोनों बदमाशों ने फायरिंग शुरू की तो कई लोगों की जान भी जा सकती हैं। पुलिस ने आधी रात का इंतजार किया, जिससे किसी को नुकसान न हो और शूटर जब तक कुछ करने का प्लान बनाए उससे पहले पुलिस उन्हें पकड़ ले। पुलिस ने दोनों शूटर और उनके साथी उधम सिंह को पकड़ लिया। उधम सिंह ने भागने में इनकी सहायता की थी। दिल्ली पुलिस ने दोनों शूटर्स से रोहित गोदारा,लॉरेंस से संबंधित पूछताछ की। हत्यारों की गिरफ्तारी पर राजस्थान पुलिस ने 5-5 लाख रुपए का इनाम घोषित किया था।

### रोनी ने नितिन को टैक्सी से जयपुर भिजवाया था

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया- एक जमीनी विवाद में नितिन फौजी के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। उसकी फरारी काटने के लिए नितिन जयपुर आया था। भवानी सिंह उर्फ रोनी पहले से रोहित गोदारा और वीरेंद्र चारण के संपर्क में था। भवानी सिंह उर्फ रोनी ने रोहित गोदारा और वीरेंद्र चारण से नितिन फौजी की मोबाइल पर बात करवाई और उसे जयपुर में एक व्यक्ति को मारने के लिए तैयार किया। भवानी सिंह उर्फ रोनी ने 28 नवंबर को नितिन फौजी को टैक्सी से जयपुर भिजवाया। 5 दिसंबर को नितिन फौजी अजमेर रोड पर रोहित राठौड़ से मिला। इन दोनों को नवीन शेखावत स्कॉर्पियो में बैठाकर यहां से सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के मकान पर ले गया। बैठक में बातचीत के दौरान दोनों शूटर्स ने अंधाधुंध फायरिंग कर गोगामेड़ी और नवीन सिंह शेखावत की हत्या कर दी और तीसरे व्यक्ति अजीत सिंह को घायल कर दिया। नितिन फौजी के पास एक जिगाना पिस्टल और एक मैग्जीन थी, जिसमें 20 राउंड थे। इसके अलावा दूसरी पिस्टल और एक मैग्जीन, जिसमें 15 राउंड थे। शूटर रोहित राठौड़ के पास एक पिस्टल और एक मैग्जीन, जिसमें 13 राउंड थे।

# विष्णुदेव साय छत्तीसगढ़ के नए सीएम रायपुर में 13 को शपथ ग्रहण



सितारा न्यूज नेटवर्क

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का शपथ ग्रहण कार्यक्रम रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में 13 दिसंबर को होगा। इसमें पीएम नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्?डा और कई राज्यों के मुख्यमंत्री सहित अन्य राष्ट्रीय नेता आ सकते हैं। इससे पहले साय ने राजभवन पहुंचकर सरकार बनाने का दावा पेश किया। सूत्रों के मुताबिक पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह विधानसभा अध्यक्ष हो सकते हैं। वहीं छत्तीसगढ़ में 2 डिप्टी सीएम होंगे। इनमें अरुण साव और विजय शर्मा को उप मुख्यमंत्री बनाया जा सकता है। दोनों ही नेता पहली बार विधायक बने हैं। विजय शर्मा जहां पहली बार चुनाव जीतकर निर्वाचित हुए हैं वहीं अरुण साव सांसद रह चुके हैं।

**रमन सिंह ने साय का नाम प्रस्तावित किया:** इससे पहले भाजपा विधायक दल की बैठक हुई। इसमें पूर्व सीएम रमन सिंह ने विष्णुदेव साय का नाम मुख्यमंत्री पद के लिए प्रस्तावित किया। इस प्रस्ताव का प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव और विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने समर्थन किया। इसके बाद उन्हें विधायक दल का नेता चुन लिया गया।

मुख्यमंत्री चुने जाने के बाद विष्णुदेव साय ने कहा- सबसे पहले मैं बीजेपी को धन्यवाद देता हूं। मैं मोदी की गारंटी को पूरा करने का शत प्रतिशत काम करूंगा। इसके बाद उन्होंने 2 बड़ी घोषणाएं कीं। आवास योजना के तहत 18 लाख आवास बनाने का काम सबसे पहले करूंगा। 25 दिसंबर को ही सबसे पहले किसानों को 2 साल का बकाया बोनस दिया जाएगा।

# आज तय होगा मध्यप्रदेश का मुख्यमंत्री: भोपाल में होगी बीजेपी विधायक दल की बैठक

## विधायकों को मीडिया से दूर रहने की हिदायत

सितारा न्यूज नेटवर्क

**भोपाल।** मध्यप्रदेश का अगला मुख्यमंत्री सोमवार को तय हो जाएगा। शाम को भोपाल स्थित बीजेपी दफ्तर में विधायक दल की बैठक होगी। जिसमें सीएम के नाम पर मुहर लग जाएगी। बैठक के लिए विधायकों को आधिकारिक सूचना भी जारी कर दी गई है।

पार्टी की ओर से जारी शेड्यूल के अनुसार दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक पंजीयन और लंच होगा। दोपहर 3:30 बजे विधायक दल की ग्रुप फोटो होगी। दोपहर 3:50 से विधायक दल की बैठक शुरू हो जाएगी।



विधायकों को ये निर्देश जारी किए गए हैं कि वे अपने गनमैन, सुरक्षाकर्मी को कार्यालय में एंट्री देने के लिए अनुरोध न करें। साथ ही बैठक के पहले मीडिया से चर्चा करने से बचने का भी अनुरोध किया गया है।

इधर, बीजेपी विधायक नरेंद्र सिंह तोमर, राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, सीधी विधायक रीति पाठक, जबलपुर पश्चिम विधायक राकेश सिंह और विधायक विश्वास सारंग रविवार रात 9 बजे दिल्ली से फ्लाइट से भोपाल पहुंचे हैं।

### शिवराज को सीएम बनाने के लिए अनुष्ठान, सुंदरकांड पाठ

शिवराज सिंह चौहान को एक बार फिर मुख्यमंत्री बनाने के लिए बैतूल जिले के 130 गांवों में अनुष्ठान हो रहे हैं। 10 हजार घरों में सुंदरकांड के पाठ हो रहे हैं। शनिवार से शुरू हुए धार्मिक आयोजन का ये सिलसिला 13 दिसंबर तक चलेगा। किराड़ महासभा ने पिछले दिनों एक बैठक कर फैसला किया था कि वह शिवराज सिंह चौहान को एक बार फिर मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेते देखना चाहती है। इसके लिए समाज के हर घर में सुंदरकांड का पाठ कराया जाएगा। बैतूल जिले के 1142 गांवों में से करीब 130 गांव किराड़ बहुल है। समाज के लोगों को उम्मीद है कि शिवराज सिंह चौहान 5वीं बार मुख्यमंत्री बनेंगे।

# कांग्रेस विधायक ने पीएम मोदी को लिखा पत्र, किरोड़ी लाल मीणा को सीएम बनाने की मांग



सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** राजस्थान में बीजेपी को बहुमत मिलने के बाद सीएम फेस को लेकर सस्पेंस जारी है। जयपुर से लेकर दिल्ली तक लगातार बैठकों का दौर चल रहा है। राजनीति पंडित अपने-अपने कयासों से सीएम फेस के लिए सियासी गणित बैठा रहे है। इस बीच राजस्थान में कांग्रेस शासन पर सड़को पर संघर्ष करने वाले नेता सवाई माधोपुर से विधायक किरोड़ी लाल मीणा को कांग्रेस विधायक ने मुख्यमंत्री बनाने की मांग की है। कांग्रेस विधायक रामकेश मीणा ने पीएम मोदी को इस लिए पत्र लिखा है।

### कांग्रेस विधायक ने लिखा पत्र

गंगापुर सिटी से कांग्रेस विधायक रामकेश मीणा ने पत्र में लिखा- राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी को विधान सभा चुनाव 2023 में स्पष्ट बहुमत प्राप्त हुआ है। जिसमे राजस्थान के आदिवासी मीना समाज व सर्वसमाज के कद्दावर नेता डॉ. किरोड़ी लाल मीना जी जिनका कई दशकों से भारतीय जनता पार्टी के संगठन को आगे बढाने में बहुत बड़ा योगदान रहा है। इसी क्रम में राजस्थान आदिवासी मीना सेवा संघ एवं सम्पूर्ण मीना समाज का आपसे विनम्र अनुरोध है कि डॉ. किरोड़ी लाल मीना जी को राजस्थान का मुख्यमंत्री नियुक्त कर संपूर्ण आदिवासी समाज को अनुग्रहित करें ।

# ट्रक से टक्कर के बाद कार में लगी आग, 8 लोग जिंदा जले

सितारा न्यूज नेटवर्क

**बरेली।** यूपी के बरेली में शनिवार देर रात भीषण सड़क हादसा हो गया। बरेली-नैनीताल हाईवे के पास भोजीपुरा में डंपर और कार में टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि टक्कर के बाद दोनों वाहनों में आग लग गई। डंपर का ड्राइवर तो जान बचाकर भाग गया, लेकिन कार में सवार आठ लोग जिंदा जल गए। इसमें एक बच्चा भी शामिल है। हादसा इतना दर्दनाक था कि किसी को भी कार से निकलने का मौका नहीं मिला। अर्टिगा कार में सवार सभी लोग जिंदा जल गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियां मौके पर पहुंची। तुरंत ही कार और



डंपर में लगी आग को बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया गया। प्राथमिक सूचना के आधार पर पुलिस का कहना है कि मरने वालों की संख्या आठ है। नैनीताल हाईवे पर बीती रात करीब 11 बजे बरेली से बहेड़ी की तरफ अर्टिगा कार जा रही थी। हाईवे पर भोजीपुरा के पास कार अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार करती हुई दूसरी तरफ चली गई। दूसरी तरफ सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर से कार टकरा गई। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि डंपर और कार में भयानक आग लग गई। हाईवे पर टायर के निशान देखने से पता चल रहा है कि कार करीब 100 मीटर तक डंपर में फंसकर रोड पर घिसटती चली गई।

**पुलिस अफसर रात में ही घटनास्थल पर पहुंचे:** रात एक बजे आईजी डॉ. राकेश सिंह घटनास्थल पर पहुंचे। मृतकों की पहचान के लिए उन्होंने पुलिस टीम जाम गांव भेजी। दूसरी टीम फहम लॉन पहुंची। इसके बाद मृतकों की पहचान हो सकी। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने बताया कि आशंका है कि कार चालक को झपकी आने से दुर्घटना हुई है।

# कौन है बसपा के नये सुप्रीमो आकाश आनंद, मायावती पर क्यों लग रहे परिवाद के आरोप

सितारा न्यूज नेटवर्क

**नई दिल्ली।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपने उत्तराधिकारी के नाम की घोषणा कर दी है। लखनऊ में हुई बहुजन समाज पार्टी की बैठक में मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया है। आकाश आनंद पिछले कुछ समय से राजनीति में काफी सक्रिय दिख रहे हैं और पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान भी काफी सक्रिय थे। माना जा रहा है कि लोकसभा चुनाव में बसपा को चुनाव जिताना आकाश आनंद के लिए पहली और सबसे बड़ी परीक्षा होने जा रही है।

### कौन हैं आकाश आनंद?

मायावती के छोटे भाई आनंद कुमार के बेटे आकाश आनंद हैं। आकाश ने लंदन से एमबीए की डिग्री हासिल की है। हालाँकि, पढ़ाई के बाद जब वह भारत लौटे तो राजनीति में सक्रिय हो गये। वह मायावती के काफी करीबी रहे हैं और लगातार पार्टी की विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लेते रहे हैं।

# सीकर में ब्लाइंड मर्डर का खुलासा, छोटे भाई ने ही बड़े भाई को उतारा मौत के घाट

सितारा न्यूज नेटवर्क

**सीकर।** राजस्थान के सीकर जिले के खंडेला थाना क्षेत्र में 2 दिन पहले हुए ब्लाइंड मर्डर के मामले पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। खंडेला थाना पुलिस ने ब्लाइंड मर्डर का खुलासा करते हुए मृतक के छोटे भाई महेश कुमार योगी (30) को गिरफ्तार किया है। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बड़े भाई की हत्या करने की वारदात करना कबूल किया है। आरोपी ने बताया कि उसके बड़े भाई को शराब की लत और अवैध संबंध के चलते उसने यह कदम उठाया है। फिलहाल, पुलिस आरोपी से पूछताछ में जुटी हुई है। खंडेला थानाधिकारी वीरसिंह ने बताया कि 8 दिसंबर की सुबह पुलिस को सूचना मिली कि पणिहारवास गांव में युवक की हत्या



कर उसके शव को घर के सामने ही डालकर चले गए। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो मृतक की शिनाख्त सज्जन कुमार (33) के रूप में हुई। जिसका शव लहूलुहान हालत में पड़ा मिला था। इस संबंध में मृतक के छोटे भाई महेश कुमार ने हत्या का मामला भी दर्ज करवाया।ब्लाइंड मर्डर होने के चलते पुलिस लगातार मामले की जांच में जुटी रही। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से पता चला कि मृतक सज्जन कुमार शराबी था। हत्या वाले दिन यानी 7 दिसंबर को वह गांव की एक शादी में भी गया था। मृतक का अपने परिवार के लोगों से कई बार विवाद भी हुआ था। ऐसे में पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज करवाने वाले मृतक के भाई महेश कुमार से पूछताछ की तो उस पर संदेह हुआ।

**शादी से आते ही छोटे भाई से करने लगा था झगड़ा:** मृतक के छोटे भाई महेश ने पुलिस की पूछताछ में उसको बताया कि 7 दिसंबर की रात सज्जन गांव की शादी में गया था। सज्जन ने शादी में शराब पी और फिर वहां से अपने घर आया और अपने भाई महेश के कमरे के दरवाजे को जोर-जोर से पीटना शुरू कर दिया। इसके बाद वह अपने भाई के साथ गाली गलौज और झगड़ा करने लग गया। महेश ने कई बार सज्जन को समझाया, लेकिन शराब के नशे में होने के चलते उसने कुछ भी नहीं सुना। ऐसे में महेश ने घर के पास टीनशेड में पड़े दातले से सज्जन पर वार करके उसे घायल कर दिया और फिर उस दातले को छुपाकर खुद कपड़े और हाथ-पैर धोकर अपने कमरे में जाकर सो गया।पुलिस की जांच में सामने आया कि मृतक सज्जन पिछले 2 साल से कोई भी काम धंधा नहीं कर रहा था। वह आवारा किस्म का आदमी था और आदतन शराबी भी था। मृतक के गांव में कई महिलाओं से अवैध संबंध भी थे।

क्षेत्र का नं. 1 अखबार
हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com
अपना शहर
गरीबों का सितारा
जयपुर
सोमवार 11 दिसंबर, 2023


| पूर्वानुमान> | | सोम | मंगल | बुध | गुरु |
|---|---|---|---|---|---|
| 16° | अधिकतम> | 26°c | 26°c | 27°c | 26°c |
| | न्यूनतम> | 16°c | 14°c | 18°c | 18°c |

# श्रीमद्भागवत का आठवें दिन सती माता की कथा और दुर्गा के आठवें स्वरूप का सुनाया प्रसंग

सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी(अलवर) महेश चन्द मीना ।** अलवर के रैणी-उपखंड क्षेत्र के बैरेर गांव मे श्रीमद्भागवत चल रही है , पंडित मनीष तिवाडी ने बताया कि गांव बैरेर में चावंड माता के मंदिर श्रीमद् देवी भागवत कथा का रविवार को अष्टम दिवस था यह कथा कार्यक्रम समस्त ग्रामवासी बैरेर की ओर से किया जा रहा है जिसमें राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता रूद्र कृष्ण महाराज ने सती मैया की कथा एवम मां दुर्गा के आठवें स्वरूप आदि शक्ति महागौरी की पूजा का विधान बताया आठवें दिन की पूजा गौरापार्वती देवी के मूल भाव को दशार्ता है। देवीभगवत पुराण में बताया गया है कि देवी मां के 9 रूप और 10 महाविघाएं सभी आदिशक्ति के अंश और स्वरूप हैं लेकिन भगवान शिव के साथ उनके अर्धांगिनी के रूप में महागौरी सदैव विराजमान रहती हैं। इनकी शक्ति अमोघ और सद्यः फलदायिनी है। महागौरी की पूजा मात्र से भक्तों के सभी पाप धुल जाते हैं और वह व्यक्ति अक्षय पुण्य का अधिकारी हो जाता है। ज्यादातर घरों में नवरात्र की अष्टमी तिथि के दिन कन्या पूजन किया जाता है एवं गौरी शंकर विवाह की सुंदर कथा का वर्णन किया एवं मनमोहक झांकियां दिखाई गई साथ ही बताया लोगों को अपनी सोच बदलकर बेटियों का सम्मान करें बेटिया देश की शान है बताया कि सभी को सत्य का मार्ग अपनाते हुए ईश्वर को परम सत्य मानना चाहिए इस दौरान पूरा पंडाल भक्ति में हो गया आसपास के सैकड़ो श्रद्धालु मौजूद रहे सरपंच केंद्र सिंह छोटा पटेल भोरिया पटेल गोपू शर्मा सोनू शर्मा छगनलाल टिकाई सिंह रतनलाल शिवरतन मनोहर लाल धर्मचंद सोनी मदन पटेल घनश्याम तिवारी सुरेश तिवारी सहित अनेक गणमान्य लोक उपस्थित रहे। मिडिया को यह सारी जानकारी बैरेर से पंडित मनीष तिवाड़ी के द्वारा दी गई है।




## पंचाग

दिनांक:-11 दिसंबर 2023 सोमवार
विक्रम संवत2080 मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष

| | | |
|---|---|---|
| तिथि | त्रयोदशी | 07:09:36 |
| तिथि | चतुर्दशी | 30:23:48 |
| पक्ष | कृष्ण | |
| नक्षत्र | विशाखा | 12:12:37 |
| योग | सुकर्मा | 20:57:19 |
| करण | वणिज | 07:09:36 |
| करण | विष्टि भद्र | 18:51:44 |
| करण | शकुनी | 30:23:48 |
| चन्द्र राशि | वृश्चिक | |
| सूर्य राशि | वृश्चिक | |
| दिशा शूल | पूर्व | |
| सूर्योदय(जयपुर) | 07:06:44 | |
| सूर्यास्त | 17:33:07 | |
| चंद्रोदय | 30:21:02 | |
| चंद्रास्त | 16:04:35 | |
| राहू काल | 08:25 - 09:43 | |
| अभिजित | 11:57 - 12:39 | |

शुभ चोघडिया

| | | |
|---|---|---|
| अमृत | 07:07 - 08:25 | शुभ |
| शुभ | 09:43 - 11:02 | शुभ |
| चर | 13:38 - 14:57 | शुभ |
| लाभ | 14:57 - 16:15 | शुभ |
| अमृत | 16:15 - 17:33 | शुभ |



विशेष जानकारी
देवपितृकार्य
अमावस्या:- कल

ज्योतिषाचार्य
भानुप्रकाश शास्त्री

# उप निदेशक गुप्ता ने व्यवसायिक शिक्षा की लैबों का किया औचक निरीक्षण

***प्रयोगशाला में जिन उत्पादों की मियाद निकल चुकी है उनका इस्तेमाल नहीं किया जाए-उपनिदेशक***

सितारा न्यूज नेटवर्क

**धौलपुर/अंकित गोयल ।** धौलपुर उप निदेशक व्यवसायिक शिक्षा राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर डाल चंद गुप्ता ने राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय धौलपुर एवं बसई नबाब तथा महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय सैंपऊ, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय करीमपुर का व्यवसायिक शिक्षा की लैबों का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने प्रधानाचार्य अर्चना मिश्रा से ब्यूटी एंड वेलनेस एवं होम फर्निशिंग संबंधी फीडबैक लिया। उन्होंने संबंधित ट्रेड के छात्र छात्राओं से जानकारी ली और उन्होंने राजसमंद गांव के देवगढ़ गांव की बालिका का व्यवसायिक शिक्षा हुनर का उदाहरण देकर सफलता की कहानी सुनाई। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि बालिकाओं को अपने स्किल डेवलपमेंट पर ध्यान देते हुए हर दिन सीखते रहने चाहिए तथा अभ्यास को अधिक से अधिक प्राथमिकता देनी चाहिए। वोकेशनल एजुकेशन को बढ़ावा देने के लिए विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ स्कूली बालिकाओं को मिले ताकि छात्र छात्राओं के स्किल डेवलपमेंट को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने सिलाई कढ़ाई एवं बुनाई तथा ब्यूटी एंड वेलनेस से संबंधित प्रायोगिक परीक्षण किया एवं बालिकाओं के हुनर को सराहते हुए खुशी जाहिर की। उन्होंने व्यवसायिक शिक्षक एवं प्रधानाचार्य को निर्देश देते हुए कहा कि प्रयोगशाला में जिन उत्पाद की मियाद निकल चुकी है उनका इस्तेमाल नहीं किया जाए। उप निदेशक ने व्यावसायिक शिक्षा संबंधित ट्रेड की प्रायोगिक कार्य हेतु बालिकाओं को घर से अभ्यास हेतु गृहकार्य देने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि व्यावसायिक शिक्षा छात्र छात्राओं को व्यावहारिक शिक्षा प्रदान करता है, इसलिए छात्रों में विशिष्ट उद्योग कौशल विकसित होते हैं जो उन्हें सीधे आपके पेशे में शुरूआत करने की अनुमति देते हैं।

व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण की मुख्य विशेषताएं कक्षा प्रशिक्षण के साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण हैं, जो छात्र छात्राओं को अपने क्षेत्र की अवधारणाओं की पूरी समझ प्रदान करता है और अपने व्यापार के कर्तव्यों को कैसे पूरा करना है इसकी समझ विकसित होती है। उन्होंने विजिट रजिस्टर, छात्राओं का उपस्थिति रजिस्टर संधारण जांचा एवं आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी महेश कुमार मंगल, कार्यक्रम अधिकारी राजेंद्र प्रसाद शर्मा, प्रधानाचार्य अर्चना मिश्रा, व्यवसायिक शिक्षा प्रभारी मंजू जादौन, व्याख्याता भगवान सिंह मीना, व्यावसायिक शिक्षिका शिवानी सैनी, आशा शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।




# जामनगर में पीडीजी एमजेएफ लॉयन गीता सावला से श्याम सुन्दर मंत्री की हुई शिष्टाचार भेंट




सितारा न्यूज नेटवर्क

**कुचामनसिटी (अनिल सिखवाल)।** लॉयन्स प्रान्त 3233 ई 02 के वीडीजी लॉयन श्याम सुन्दर मंत्री ने गुजरात यात्रा के दौरान लॉयन्स प्रान्त 323 जे की पूर्व गवर्नर एमजेएफ लॉयन गीता डी सावला से शिष्टाचार भेंट कर प्रान्त 3233 ई 2 द्वारा किये जा रहे सेवा कार्यो के बारे में विस्तार से बताया और श्रीलंका के फैलोशिप ट्यूर तथा संस्कार दिवस के आयोजनों के बारे में भी जानकारी दी ।सावला गुजरात के मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं राज्यपाल द्वारा तथा विभिन्न संस्थाओं द्वारा सम्मानित सामाजिक कार्यकर्ता है जो लॉयन्स ईन्टरनेशनल द्वारा 3 बार स्वर्ण पदक से सम्मानित हुई है साथ ही आप लॉयन्स की प्रान्तपाल, म्यूनिसिपल कॉरपोरेशन में तीन बार कोपोर्रेटर, चेम्बर आफ कॉमर्स की डायरेक्टर रहते हुए अनैक संस्थाओं में पिछले पच्चीस वर्षो से सेवा कार्यो में रत है । लॉयन श्याम सुन्दर मंत्री के जामनगर आगमन पर एम जे एफ लॉयन दिलीप सावला ने शाल, दुपट्टा से एवं पीडीजी लॉयन गीता सावला ने अपने कार्यकाल के साहित्य के साथ लॉयन पिन से सम्मान कर आगामी कार्यकाल के सफलता की शुभकामना की । इस अवसर पर प्रान्त 3233 जी 2 के उप प्रान्तपाल लॉयन मनीष शाह, प्रान्त 3232 जे के वीडीजी लॉयन रमेश रूपाला, लॉयन रश्मिका रूपाला, लॉयन शरद् द्विवेदी, लॉयन नरेश शाह, लॉयन नवदीप राठी, लॉयन मनोज नागौत्रा, लॉयन उदय राजपूत आदि अनेक लॉयन उपस्थित थे ।

# अजमेर: पहले दिन 1.84 लाख बच्चों को पिलाई खुराक

सितारा न्यूज नेटवक

**अजमेर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से रविवार से शुरू कए उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के पहले दिन जिले के 184277 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। सोमवार को विभाग की टीमें घर-घर जा कर शेष बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगी।

शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पंचशील में जन प्रतिनिधि आतिश माथुर ने 0 से 5 साल के बच्चों को पोलियो की खुराक पिला कर अभियान की शुरूआत की। इस मौके पर सीएमएचओ डॉ. अनुज कुमार पिंगोलिया, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संपत जोधा और आरसीएचओ डॉ. स्वाति शिंदे आदि चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे।



### राजगढ़ के ठेकडीन गांव में...

# डॉ.किरोड़ीलाल मीना अपनी कुल देवी मंशा माता के दर्शन करने पहुंचे, माता के दर्शन कर लिया आशीर्वाद




सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर के राजगढ उपखण्ड क्षेत्र के गांव ठेकडीन मे मीणाओ के घुसिन्गा गोत्र की कुल देवी स्थित है इसलिए रविवार को डॉक्टर किरोड़ीलाल मीना सवाईमाधोपुर से नव निर्वाचित विधायक बनने के बाद माता के मन्दिर पर आशिर्वाद लेने के लिए आए। उपखण्ड क्षेत्र के समीपवर्ती ग्राम ठेकडीन में छींड स्थित जंगलो में मंशा माता कुलदेवी के दर्शन करने नवनिर्वाचित सवाईमाधोपुर विधायक डॉ. किरोडीलाल मीना पहुंचे। डॉ. मीना ने पहुंचकर अपनी कुलदेवी की विधिवत रूप से पूजा-अर्चना की। इसके पश्चात मौजूद हजारो ग्रामीणो ने उनका फूल-माला व साफा पहनाकर जोरदार भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर समाजसेवी सुखराम मीना, एडवोकेट शिवलाल मीना, डॉ रमेश मीना, मुकेश मीना, पूर्व प्रधान देवकरण मीना, कैलाश खरखड़ी, आरडी बैरेर सहित हजारो लोग मौजूद रहे ।

### बिंदायका थाना इलाके का मामला

# 8 दिन बाद भी नहीं हुई शव शिनाख्त, पुलिस जांच में जुटी



सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** बिंदायका फाटक के पास रेल्वे लाइन पर आठ दिन पहले ट्रेन की चपेट आने से एक युवक की मौत हो गयी थी। मृतक के पास पहचान संबंधी दस्तावेज नहीं मिलने से शव की शिनाख्तगी नहीं हो पायी। बिंदायका पुलिस ने बताया कि युवक ट्रेन की चपेट में आने चोटग्रस्त हो गया था जिससे एम्बूलेंस की सहायता से सवाई मानसिंह अस्पताल में भिजवाया था जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था बिंदायका पुलिस एएसआई मुकेश कुमार ने बताया कि 3 दिसम्बर को बिंदायका फाटक के पास ट्रेन की चपेट में आने से युवक चोटग्रस्त हो गया था। जिससे एसएमएस अस्पताल में भिजवाया था। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था। युवक के पास पहचान संबंधी दस्तावेज नहीं मिलने से शव शिनाख्त नहीं हो पायी। मृतक का हुलिया नाम अज्ञात, उम्र करीब 25 वर्ष, कद 5 फीट 6 इंच, शरीर दुबला-पतला, मृतक काले रंग की जैकेट, नीले रंग की जीन्स पहन रखी है। पुलिस मृतक के परिजनों की तलाश कर रही है।

### स्व. सेठ सालिगराम मंगल की पुण्यस्मृति में...

# अखिल भारतीय कवि सम्मेलन व सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**समारोह में दूर -दूर से पधारे कवियों ने काव्यपाठों की दी सुंदर प्रस्तुति**

सितारा न्यूज नेटवर्क

**बाडी/अंकित गोयल।** श्री धर्मा सेवा संस्थान बाड़ी द्वारा स्व. सेठ सालिगराम मंगल की पुण्यतिथि पर प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन संस्थान के संरक्षक डॉ. शिवदयाल मंगल के निवास पर सम्पन्न हुआ। जिसमें दूर-दूर से पधारे कवियों ने काव्य पाठ किया। कवि सम्मेलन में सर्व प्रथम माँ शारदे के समक्ष अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन कर विधिवत शुभारम्भ किया गया इसके पश्चात अतिथियों एवं कवियों का स्वागत श्री धर्मा सेवा संस्थान के संरक्षक डॉ. शिवदयाल मंगल, अध्यक्ष सरोज मंगल, रामनिवास मंगल, आकाश मंगल, अग्निवेश मंगल के द्वारा किया गया।

इसके पश्चात माँ शारदे की वंदना राँची से पधारी कवयित्री मीना बंधन ने की। इसके बाद कानपुर से पधारी ओज की सुप्रसिद्ध कवयित्री शिखा सिंह उर्जित ने अपनी कविताओं से श्रोताओं राष्ट्र प्रेम के रंग में रंग दिया। हास्य रस के प्रसिद्ध कवि श्री शैल भदावरी ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को खूब गुदगुदाया इसके पश्चात कार्यक्रम के संयोजक डॉ. राकेश दीक्षित राज ने श्रृंगार के मुक्त ओर गीतों से श्रोताओं को बहुत याद आते हो तुम तथा मन मंदिर में दीप जलाने आजाओ इक बार प्रिये गीत सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर खूब तालियां बटोरीं। इसके बाद मीना बंधन ने अपनी गजलों से वाह वाही बटोरी। इसके बाद अग्निवेश मंगल ने बहुत ही शानदार कविता पढ़ी। ओज के प्रसिद्ध कवि मनोज चौहान की ओजस्वी कविताओं ने पांडाल गुंजयमान कर दिया उन्होंने अपने तीखे स्वर में भगत सिंह कविता पढ़कर देश के शहीदों को श्रद्धांजलि दी वहीं चंद्रशेखर आजाद कविता पढ़कर श्रोताओं की आंखें नम कर दी। मध्यरात्रि 2 बजे तक भारत माता की जय-जयकार से वातावरण गूँजता रहा। शिखर कलश के रूप में सुप्रसिद्ध हास्य-व्यंग्य कवि बृजेन्द्र चकोर ने अपनी चिर परिचित शैली में खूब हँसाया। इसके पश्चात वर्ष 2023 का श्री धर्मा सेवा सम्मान द्वारा कवि बृजेन्द्र चकोर हास्य कवि को डॉ. शिवदयाल मंगल, सरोज मंगल एवं अग्निवेश मंगल के द्वारा शॉल, श्रीफल, सम्मान पत्र एवं नकद राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुन्नालाल मंगल, हरिओम बंसल, प्रभाकर दीक्षित, रामकुमार मीणा पूर्व बी.ई.ओ., नरेंद्र मंगल, विष्णु महेरे, दीपक गोयल, धौलपुर से डॉ. बी.डी. जिंदल, डॉ हरीकिशन मंगल, मंजू मंगल, राज पचौरी, रामदास तरुण, आदि सैकड़ों की संख्या में महिला एवं पुरुष श्रोता उपस्थित रहे। अंत में आयोजक संस्थान के संरक्षक डॉ. शिवदयाल मंगल ने सबका आभार प्रकट कर धन्यवाद ज्ञापित किया।




गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## सितारा न्यूज ब्रीफ

# सीएलसी में मोटिवेशनल सेमिनार म्यूजिवेशन आयोजित




सितारा न्यूज नेटवर्क

**सीकर।** सीएलसी परिसर स्थित विजय ग्राउंड में रविवार शाम को मोटिवेशनल सेमिनार म्यूजिवेशन का आयोजन किया गया। विस्तृत जानकारी देते हुए सीएलसी निदेशक इंजी श्रवण चौधरी ने बताया कि छात्रों को परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए मोटिवेट करने तथा पढ़ाई के दौरान होने वाले अनावश्यक तनाव से मुक्ति दिलाने व छात्रों में जोश एवं ऊर्जा का संचार करने के लिए मोटिवेशनल सेमिनार म्यूजिवेशन का आयोजन किया गया। चौधरी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सबसे पहले आपको अपने माता पिता का शुक्रिया अदा करना है जिनकी वजह से आप एक अच्छी जगह पढ़ रहे हो और अपने सपनों को पाने के लिए निरंतर मेहनत कर रहे हो। अपने संबोधन के दौरान निदेशक ने छात्रों को सलाह देते हुए कहा कि जिंदगी में सफलता प्राप्त करने के लिए नकारात्मक बात करने वाले लोगो के प्रति आपको बहरा बनना पड़ेगा क्योंकि जब तक आप नकारात्मक लोगो को इग्नोर नहीं करेंगे तब तक वांछित सफलता मिलना मुश्किल है और साथ ही बताया की आपको अपनी सोच बड़ी करनी है और भीड़ का हिस्सा नहीं बनना है बल्कि अनुशासन के साथ निरंतर कड़ी मेहनत करते हुए अपने लक्ष्य प्राप्ति में लगे रहना है क्योंकि सफलता के लिए मेहनत करनी ही होगी इसका कोई शॉर्टकट नहीं होता है। मोटिवेशनल सेमिनार के दौरान टेस्ट में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्लेटिनम, गोल्ड, सिल्वर एवं ब्रॉन्ज मेडल से सम्मानित किया गया व अगले टेस्ट में और अच्छा प्रदर्शन करने के लिए मोटिवेट किया गया।

कार्यक्रम के दौरान सीएलसी के पूर्व छात्र सॉफ्टवेयर इंजीनियर अभिषेक मिश्रा ने हनुमान चालीसा पाठ से शुरूआत करते हुए एक से बढ़कर एक आकर्षक गीतों की प्रस्तुति देते हुए छात्रों एवं अभिभावकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। सेमिनार के दौरान सीएलसी सीईओ साहिल चौधरी, सीएलसी सीओओ समर चौधरी, सीएलसी एकेडमिक हेड अंकित जांगिड़ तथा शिक्षक व अभिभावक उपस्थित रहे।

# कांग्रेस के चुनाव समीक्षा कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचे नवनिर्वाचित विधायक मांगेलाल मीना






सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर की लक्ष्मणगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक मांगेलाल मीना रविवार को बहरोड़ में भंवर जितेंद्र सिंह , योगेश मिश्रा के साथ चुनाव समीक्षा कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेने के पहुंचे और इस सम्मेलन में अलवर जिला के सभी कांग्रेसी नव निर्वाचित विधायक व कांग्रेस कार्यकर्ता मौजुद रहे तथा चुनाव समीक्षा भी की गई। इसी क्रम मे राजगढ-लक्ष्मणगढ विधायक मांगेलाल मीना को मंच पर माला व साफा पहनाकर मान सम्मान दिया गया। मिडिया को यह सारी जानकारी आरडी बैरावण्डा के द्वारा दी गई है।

# पुष्कर में बच्चों ने खेलते-खेलते खाए रतनजोत के बीज:उल्टी-दस्त होने पर अजमेर रेफर, एक ही हालत गंभीर



सितारा न्यूज नेटवर्क

**पुष्कर।** पुष्कर में रतनजोत के बीज खाने से 6 बच्चे बीमार हो गए। सभी बच्चों को उल्टी और दस्त होने लगे। जिन्हें पुष्कर के सरकारी अस्पताल से अजमेर रेफर कर दिया। एक बच्चे की हालत गंभीर है। पुष्कर अस्पताल के प्रभारी डॉ. अभिजीत सोनी ने बताया कि करीब 4:30 बजे राम धाम चुंगी नाके के सामने झोपड़ी बनाकर रहने वाले अपने 6 बच्चों को लेकर अस्पताल पहुंचे थे। बच्चों को उल्टी और दस्त की शिकायत थी, जिन्हें हालत गंभीर होने पर अजमेर के जेएलएन अस्पताल रेफर कर दिया।

परिजनों ने बताया कि बच्चे घर के पास खेल रहे थे। खेलते-खेलते गली में लगा हुए रतनजोत के पेड़ के बीज खा लिए। जिसके बाद से उनकी तबियत खराब हो गई। बच्चों को उल्टी और दस्त होने लगे। जहां दीपू, ज्योति, लकी, दीनू, खुशबू, शहबान की हालत गंभीर होने के चलते उन्हें अजमेर रेफर कर दिया गया। वहीं, शहबान (5) की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी बच्चों की उम्र 4 साल से 11 साल बताई गई है।

एंबुलेंस चालक पंकज ने बताया कि बच्चे अचेत हो गए और उन्हें उल्टियां भी हुई। तुरंत वो मौके पर पहुंचे और पेड़ के बीज को साथ लेकर जेएलएन अस्पताल लेकर आए। जहां डॉक्टर बच्चों का इलाज कर रहे हैं।

### रतनजोत क्या है?

कृषि विज्ञान केंद्र राजस्थान के प्रोफेसर डॉ.डीएस भाटी ने बताया कि इस पौधे का नाम रतनजोत है। इसके बीज से बायोडीजल बनाया जाता है। बीज में विष की मात्रा भी पाई जाती है। बीज से तेल निकालने के बाद बची लुगदी से चूहे मारने की दवाई बनती है।

## विधायक डॉ शिखा मील बराला ने दी बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का किया अभिनंदन, स्वागत

# माला व साफा पहनाकर किया अभिनंदन, मिठाई खिलाकर दी जीत की दी बधाई व उज्ज्वल भविष्य की दी शुभकामनाएं

सितारा न्यूज नेटवर्क

**चौमूं (सुनील कुमार पाराशर)।** शहर के कचौलिया रोड़ स्थित विधायक कार्यालय पर विधायक डॉ.शिखा मील बराला द्वारा दी बार एसोसिएशन चौमूं के नवनिर्वाचित अध्यक्ष कैलाश गौरा, महासचिव महेश देव सैनी, कोषाध्यक्ष प्रदोष मान पुस्तकालय सचिव करणी सिंह पालावत, सांस्कृतिक सचिव विजय कुमार चौधरी एवं बार के पूर्व अध्यक्ष विजय चौधरी का स्वागत एवं अभिनंदन कर जीत की बधाई दी एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की। साथ ही इस मौके पर आये अन्य अधिवक्ताओं का भी स्वागत व अभिनंदन किया। इस मौके पर नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने अभिनंदन व मान सम्मान के लिए विधायक डॉ शिखा मील बराला का आभार जता कर धन्यवाद ज्ञापित किया।

**नवनिर्वाचित पदाधिकरियों ने विधायक डॉ शिखा मील का जताया आभार**



इस मौके पर एडवोकेट झाबरमल चौधरी,एडवोकेट सुरेश चौधरी,एडवोकेट चरण सिंह जाट,एडवोकेट दिनेश सौन्दलिया,एडवोकेट राजेश यादव एडवोकेट हीरालाल सैनी,एडवोकेट रामावतार यादव,एडवोकेट बद्री नारायण परिहार एडवोकेट मालीराम नटवाडियां,एडवोकेट जितेन्द्र चाहर ,एडवोकेट रामलाल सैनी सहित अनेक एडवोकेट्स कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं अन्य अनेक प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

# माचाड़ी बाराही माता के मंदिर पर हवन-यज्ञ कर किया विशाल भंडारा

सितारा न्यूज नेटवर्क





**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** प्राचीन काल में अलवर जिले की राजधानी रहे माचाडी.कस्बे के बाराही माता के मंदिर पर माचाडी. के निवासी व हाल निवासी लबैरनम स्कूल भोंडसी गुड़गांव के पंडित अनिल शर्मा व उनके पारिवारिक सदस्य भारत कौशिक, विपिन कौशिक, ईश्वर कौशिक, धीरज कौशिक, विनोद कौशिक सहित परिवार के अन्य सदस्यों ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भजन कीर्तन के साथ हवन-यज्ञ कर विशाल भंडारे का आयोजन किया। भंडारे के शुभारंभ से पहले पंडित विष्णु दत्त शास्त्री व पंडित लाल बहादुर शर्मा, पंडित सुरेश चंद शर्मा व पं. जेपी शर्मा द्वारा माता की पूजा अर्चना कर आरती की गई उसके बाद कन्याओं को भोजन कराकर उनका आशीर्वाद लिया। उसके बाद भंडारे का शुभारंभ किया। भंडारे में दूर-दूर से श्रद्धालुओं ने आकर प्रसाद ग्रहण किया। माता के दरबार में रामप्रसाद सैनी एंड पार्टी ने ढप बजाकर एक से बढ़कर एक मातारानी के भजन सुनाए। भजनों को सुन कर श्रद्धालु लोग भाव विभोर हो गए। लोगों ने गायक कलाकारों की बहुत भारी प्रशंसा की।

कार्यक्रम के इस अवसर पर बाराही गौ सेवा कमेटी,पंचायत समिति सदस्य मोहर सिंह मीणा,बृजवासी गो रक्षक दल के जिलाध्यक्ष नागपाल शर्मा,सरपंच प्रतिनिधि आनन्द सिंह सहित ग्रामीण लोगों का भंडारे में भोजन कराने में सहयोग अच्छा रहा। मिडिया को यह सारी जानकारी माचाड़ी से नागपाल शर्मा के द्वारा दी गई है।

# शुभकामनाएं : नवनिर्वाचित विधायक गोपाल शर्मा को दी बधाई

### कहा : आपके संघर्ष को जनता का साथ मिल गया

सितारा न्यूज नेटवर्क





**जयपुर।** शहर के नजदीकी सिविल लाइन विधानसभा से नवनिर्वाचित विधायक गोपाल शर्मा का युवा नेता सौरभ कटारिया और युवा मोर्चा द्वारा साफा और शॉल पहनाकर स्वागत कर जीत की शुभकामनाएं प्रेषित की। साथ ही कहा कि सिविल लाइन में गोपाल शर्मा की जीत सच्चाई की जीत है और यह जनता के विश्वास की जीत हुई है। उन्होंने विधायक को आग्रह भी किया कि अपने विधानसभा क्षेत्र में जनता के कल्याण और क्षेत्र के विकास के लिए आगे आकर कार्य करें। इस दौरान विधायक गोपाल शर्मा ने भी धन्यवाद देकर आभार प्रकट किया। इधर सभी ने कहा कि आपके संघर्ष को जनता का साथ मिल गया और नेतृत्व को आपके जनता का विश्वास मिल गया। इस मौके पर तन्नू चौधरी, जीतू चौधरी, हिमांशु सैनी, मधुसुधन, विक्की सैन, हिमाशु सैन, अजय सैनी, दीपक शर्मा व सभी युवा मोर्चा के साथी उपस्थित रहे।

## शिविर में 55 यूनिट रक्तदान हुआ

# भारत विकास परिषद, एचडीएफसी बैंक व क्षत्रिय मेवाड़ा कलाल समाज के तत्वाधान में रक्त दान शिविर का हुआ आयोजन

सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** भारत विकास परिषद, एचडीएफसी बैंक व क्षत्रिय मेवाड़ा कलाल समाज के सयुक्त तत्वाधान में रविवार को प्रातः10 बजे से स्थानीय सिटी डिपेंसरी में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया । प्रकल्प प्रभारी - नरेश मितल ने बताया कि शिविर में रक्तदान के लिए उत्साह के साथ बड़ चढ़ कर रक्तदान दाताओं भाग लिया और रक्तदान किया। शिविर का विधिवत शुभारम्भ - मुख्य अतिथि समाजसेवी,उद्योगपति, आदित्य पॉली सेक डायरेक्टर दीपक झवर ने फीता खोलकर किया , फिर सामूहिक से वंदेमातरम् गायन हुआ। कार्यक्रम में भारत माता , विवेकानंद के चित्र पर मुख्य अतिथि समाजसेवी दीपक झवर, अध्यक्ष - संजय गर्ग, सरक्षक - लक्ष्मण दास गुरनानी, मेवाड़ा समाज अध्यक्ष - अशोक मेवाड़ा, सचिव - दुगार्लाल मेवाडा, एच डी एफ सी बैंक प्रभारी - उमेदनाथ , दीपक शर्मा,कमलेश अग्रवाल आदि ने दीप प्रज्ज्वलित व माल्यार्पण किया।

भा.वि.प से राजेन्द्र काबरा ने बताया कि शिविर में 55 यूनिट रक्तदान हुआ जिसे राजकीय अमृत कौर अस्पताल ब्लड बैंक को सुपुर्द किया। अभी ब्लड बैंक खाली है इस शिविर से कुछ समय के आवश्यकता को पूरा किया जा सकेगा। शिविर अनेक रक्तदाताओं ने पहली बार रक्तदान किया, महिलाओं ने भी रक्तदान महादान किया। सभी रक्तदान दाताओं को सम्मान पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। अतिथि नगर परिषद ब्यावर सभापति नरेश कनोजिया का स्वागत किया गया आप द्वारा शिविर का अवलोकन कर रक्तदान दाताओं का उत्साह वर्धन किया। रक्तदान शिविर में - रविन्द्र टेलर, विकास गर्ग, पवन जैन, पंकज आहूजा, अनिल भराडिया, अनिल कुमावत, प्रशांत पाबूवाल, भुवनेश जांगिड़, दीपक यादव, मोहित मेवाड़ा, राजेन्द्र खंडेलवाल, ममता गर्ग,पंकज,कमलेश बंट, संजय जिंदल, ड्रा एल एन बल्दुवा, अमित लाठी, अभिषेक गर्ग, स्वाति जैन, केशव जैन, रमेश शर्मा, सोभागमल नाहर आदि सम्मिलित हुवे।






# कांग्रेस मतलब भ्रष्टाचार की दुकान : सत्येंद्र पाराशर



सितारा न्यूज नेटवर्क



**धौलपुर/अंकित गोयल।** जिला अध्यक्ष सत्येद्र पाराशर ने बताया कि कांग्रेस के झारखंड राज्यसभा सांसद धीरज साहू के घर पर आयकर विभाग द्वारा जो छापेमारी की गई है जिसमें ढाई सौ करोड़ की नगदी प्राप्त हुई है तथा अभी भी आयकर विभाग की कार्यवाही जारी है इसके खिलाफ जिला कलेक्ट्रेट मुख्यालय धौलपुर पर भाजपा के जिला अध्यक्ष सत्येद्र पाराशर के नेतृत्व में कांग्रेस राज्यसभा सांसद धीरज साहू का पुतला जलाया गया तथा अतिरिक्त जिला कलेक्टर धौलपुर को राष्ट्रपति के नाम सैकड़ों कार्यकर्ता के साथ ज्ञापन के माध्यम से ऐसे कांग्रेस भ्रष्ट लोगों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की ज्ञापन देने वालों में डॉ.शिवचरण कुशवाह, दिनेश बग्थारिया, अविनाश शर्मा, राजू गुर्जर ,अकील अहमद, शैलेंद्र यादव, धीर सिंह जादौन, मुकेश हनुमानपुरा, रामवीर त्यागी, मदन कोली, मांगे कंसाना, रामू शर्मा, हरेंद्र राव, मुश्ताक कुरैशी, विशाल सिंगल, डॉ अशोक वर्मा, मधुसूदन शर्मा, नेमीचंद कुशवाह, सूरज कुशवाह, मनोज कुशवाह, रामवीर गुर्जर, नरेश गुर्जर, हिमांशु गुर्जर ,दिनेश मामा, रामवीर शर्मा, बिजेंदर त्यागी, नवीन तिवारी, अशोक पचौरी, चंद्र प्रकाश शर्मा, राधेश्याम सक्सेना, हकीम ,रजत शर्मा, दुष्यंत बघेल, फैजल खान, सगीर खान, अनीस खान, सुनील नरवर, रामभरोसी जाटव, भोगीराम जाटव ,दीपक, सुनील सिकरवार ,बृजमोहन शर्मा ऋतिक वर्मा एवं सैकड़ों की तादात में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे

## पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए दो व्यक्तियों को किया गिरफ्तार

# पांच वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म मामले में पुलिस आई हरकत में

सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)** जिले के जैतारण उपखंड के सेंदड़ा थाना अंतर्गत एक शनिवार को 5 वर्षीय मासूम बालिका को बहला फुसलाकर दो युवकों ने दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया इस मामले की सूचना मिलते ही सेंदड़ा पुलिस हरकत में आई तत्काल प्रभाव से घायल बालिका को ब्यावर के राजकीय अमृतकौर को चिकित्सालय में भर्ती कराया गया सूचना मिलने पर जैतारण के पुलिस उप अधीक्षक सीमा भी ब्यावर पहुंचकर भर्ती बालिका की खैर खबर ली साथ ही थाने में मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी जानकारी के अनुसार उक्त घटना शनिवार शाम की बताई जा रही है। पुलिस ने उक्त मामले को गंभीरता से लेते हुए शनिवार की शाम को ही अलग-अलग टीम बना कर आरोपियों की तलाश तथा गिरफ्तार करने की कार्यवाही शुरू कर दी जिसमें एक आरोपी को तो शनिवार ही पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया गया वहीं दूसरे आरोपी की तलाश करते हुए पुलिस ने रविवार को दोपहर के वक्त गिरफ्तार कर लिया मामले की गंभीरता को देखते हुए अजमेर संभाग की आईजी लता मनोज भी ब्यावर पहुंची उक्त मामले में जिला पुलिस अधीक्षक नरेंद्र चौधरी एवं सहायक पुलिस अधीक्षक मनीष चौधरी ने तत्परता दिखाते हुए दोनों मुलजिमों को त्वरित गति से तलाश करके गिरफ्तार किया आईजी लता मनोज ने मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया पूछताछ की जा रही है शीघ्र ही चालान पेश कर दोनों मुलजिम को न्यायालय में पेश किया जाएगा। हालांकि ब्यावर के राजकीय अमृत कौर चिकित्सालय में उक्त बालिका का उपचार जारी है अस्पताल प्रशासन की ओर से भी बालिका को सभी तरह की मेडिकल सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है






गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## चिंतन

# 'कार्बन टैक्स' लगाना व्यवहारिक विचार नहीं

कार्बन उत्सर्जन में कमी वैश्विक दायित्व है। अमेरिकी व यूरोपीय विकसित देशों ने अतीत में अत्यधिक कार्बन उत्सर्जन कर आज के लिए वैश्विक संकट खड़ा कर दिया है। इसलिए उनका दायित्व है कि कार्बन उत्सर्जन में कटौती के लिए किए जा रहे प्रयासों में वे विकासशील देशों की जरूरतों के अनुरूप मदद करें और हर्जाना भी भरें। विकसित देशों द्वारा विकासशील देशों पर कार्बन टैक्स लगाने का विचार नहीं करना चाहिए। भारत और चीन को अक्सर कार्बन उत्सर्जन के लिए निशाना बनाया जाता है, जबकि दुनिया की वर्तमान स्थिति यूरोपीय व अमेरिकी देशों द्वारा अंधाधुंध औद्योगिकीकरण का नतीजा है। जलवायु परिवर्तन के खतरे से निपटने के लिए सीओपी-28 में किसी फैसले पर सहमति से पहले ही कार्बन टैक्स जलवायु लड़ाई में तब्दील हो गया है। यूरोपीय संघ भारत और चीन जैसे देशों से आयातित सामान बनाने के लिए उत्सर्जित कार्बन प्रदूषण पर टैक्स लगाने की योजना बना रहा है, इससे दुबई में संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन में जलवायु लड़ाई की नई बहस छिड़ गई है। गरीब देशों का तर्क है कि कार्बन टैक्स आजीविका और आर्थिक विकास को नुकसान पहुंचाएगा। कार्बन सीमा समायोजन तंत्र के रूप में जाना जाने वाला यह टैक्स गैर-ईयू देशों में लोहा, स्टील, सीमेंट, उर्वरक और एल्यूमीनियम जैसे ऊर्जा-गहन उत्पादों को बनाने के लिए उत्सर्जित कार्बन पर एक मूल्य निर्धारित करना चाहता है। यूरोपीय संघ का कहना है कि यह घरेलू स्तर पर निर्मित वस्तुओं के लिए समान अवसर पैदा करता है, जिन्हें सख्त हरित मानकों का पालन करना होता है और आयात से उत्सर्जन भी कम होता है। यूरोपीय संघ को भारत व चीन की चिंताओं को समझना चाहिए, क्योंकि इस टैक्स से विकासशील देश की अर्थव्यवस्थाओं को नुकसान होगा और इस गुट के साथ व्यापार करना बहुत महंगा हो जाएगा। व्यापार और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन के एक हालिया अध्ययन में पाया गया कि उत्सर्जित कार्बन पर प्रति टन 44 अमेरिकी डॉलर का टैक्स लगाने से आपूर्ति श्रृंखला से प्रदूषण आधा हो जाएगा। यह भी अनुमान लगाया गया है कि अमीर देश टैक्स से 2.5 अरब अमेरिकी डॉलर कमाएंगे, लेकिन गरीब देशों को 5.9 अरब अमेरिकी डॉलर तक का नुकसान हो सकता है। अमेरिका और कनाडा जैसे देश भी कार्बन टैक्स के अपने स्वयं के मॉडल पर विचार कर रहे हैं, जो कि विकासशील देशों पर भारी पड़ सकता है। भारत सरकार इस विचार का कड़ा विरोध करने वालों में से एक है। भारत का कहना है कि उद्योगों को निर्यात और घरेलू सामान दोनों के लिए कार्बन उपयोग कम करने के लिए निवेश करने की आवश्यकता है। स्टेट ऑफ क्लाइमेट एक्शन 2023 रिपोर्ट से पता चला है कि कार्बन उत्सर्जन में कटौती के लिए आवश्यक लगभग हर नीति पर दुनिया बहुत पीछे है जलवायु परिवर्तन के बुरे प्रभावों से बचने के लिए कोयले को सात गुना तेजी से समाप्त किया जाना चाहिए, वनों की कटाई को चार गुना तेजी से कम किया जाना चाहिए और दुनिया भर में सार्वजनिक परिवहन को वर्तमान की तुलना में छह गुना तेजी से बनाया जाना चाहिए। नवीकरणीय ऊर्जा पर प्रगति और इलेक्ट्रिक वाहनों के चलन के बावजूद, देश ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कटौती के लिए आवश्यक लगभग हर नीति में पीछे रह रहे हैं। कार्बन उत्सर्जन में कटौती को लेकर गंभीर होने की आवश्यकता है और किसी भी प्रकार का कार्बन टैक्स नहीं लगाया जाना चाहिए, वरना तापमान में कटौती का वैश्विक लक्ष्य हासिल करना मुश्किल होगा।



विश्लेषण
डॉ. एल.एस. यादव

# रक्षा क्षेत्र में बढ़ती आत्मनिर्भरता

अब एक बार फिर भारत की तीनों सेनाओं की ताकत बढ़ाने का कदम उठाया गया है। 30 नवम्बर को केन्द्रीय रक्षा मंत्री के नेतृत्व वाली डिफेंस एक्वीजिशन काउंसिल यानी डीएसी की बैठक में भारतीय सेनाओं की मारक क्षमता बढ़ाने के लिए कुछ विशेष निर्णय लेते हुए नए हथियारों की खरीदारी की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इस निर्णय से देश को जल्द ही नए तेजस लड़ाकू विमान, हमलावर हेलीकॉप्टर प्रचंड, नया विमानवाहक पोत, माउंटेन गन सिस्टम तथामिसाइलों जैसी नए हथियार मिल जाएंगे। डीएसी ने इन नए हथियारों की खरीद-फरोख्त की मंजूरी दे दी है। ये सभी हथियार चीन व पाक की सीमा पर युद्ध के समय दुश्मन सेना के छक्के छुड़ाएंगे।

भारत की सशस्त्र सेनाएं अब दुनिया में अत्यन्त ताकतवर सैन्य बलों के रूप में गिनी जाने लगी हैं, क्योंकि अब इनकी ताकत में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। सैन्य क्षेत्र में अधिक ताकवतर बनने के प्रयास वर्ष 2020 में तब शुरू कर दिए गए जब पूर्वी लद्दाख में गलवान घाटी में चीनी सेनाओं के साथ भारतीय जवानों की हिंसक झड़प हुई थी। उल्लेखनीय है कि जून में हुई इस झड़प में भारतीय सेना के 20 जवान शहीद हो गए थे। इस घटना के बाद से भारत ने चीन सीमा पर सैन्य तैनाती ही नहीं बढ़ाई बल्कि बुनियादी ढांचे को भी बढ़ाया। इसके अलावा सैन्य क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के लिए मेक इन इंडिया पर अधिक जोर दिया गया। अब भारत न सिर्फ अपने लिए रक्षा के उपकरण और अत्याधुनिक हथियार बना रहा है बल्कि दूसरे देशों को हथियार बेचने में भी सक्षम हो गया है।

अब एक बार फिर भारत की तीनों सेनाओं की ताकत बढ़ाने का कदम उठाया गया है। 30 नवम्बर को केन्द्रीय रक्षा मंत्री के नेतृत्व वाली डिफेंस एक्वीजिशन काउंसिल यानी डीएसी की बैठक में भारतीय सेनाओं की मारक क्षमता बढ़ाने के लिए कुछ विशेष निर्णय लेते हुए नए हथियारों की खरीदारी की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इस निर्णय से देश को जल्द ही नए तेजस लड़ाकू विमान, हमलावर हेलीकॉप्टर प्रचंड, नया विमानवाहक पोत, माउंटेन गन सिस्टम तथा एमआरएसएएम मिसाइलों जैसी नए हथियार मिल जाएंगे। डीएसी ने इन नए हथियारों की खरीद-फरोख्त की मंजूरी दे दी है। ये सभी हथियार चीन व पाकिस्तान की सीमा पर युद्ध के समय दुश्मन सेना के छक्के छुड़ाएंगे।

डीएसी की बैठक में 97 तेजस मार्क-1 ए लड़ाकू विमान, 156 प्रचंड लड़ाकू हेलीकॉप्टर, तीसरे नये स्वदेशी विमानवाहक पोत के निर्माण, सुखोई-30 एमकेआई श्रेणी के 87 विमानों का आधुनिकीकरण, 5.56 ग 45 कार्बाइन, 200 माउंटेन गन सिस्टम, 400 टोड आर्टिलरी गन सिस्टम तथा मध्यम दूरी की जमीन से हवा में मार करने में सक्षम मिसाइलों के खरीदे जाने की अनुमति प्रदान कर दी गई है। जब ये सभी हथियार भारतीय सेनाओं में शामिल होंगे तब उनकी ताकत कई गुना बढ़ जाएगी। डीएसी की मंजूरी वाली 2.23 लाख करोड़ रुपये की यह खरीद घरेलू रक्षा उद्योगों से की जाएगी। जब ये सभी हथियार स्वदेशी तकनीक से देश में ही बनेंगे तो मेक इन इंडिया के बढ़ावा के साथ ही देश रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर भी अग्रसर होगा। तेजस विमानों के मिलने के बाद भारतीय वायुसेना के पुराने लड़ाकू विमानों को हटाया जाएगा। वर्तमान में भारतीय वायुसेना 180 तेजस विमानों की जरूरत है। 83 तेजस मार्क-1ए लड़ाकू विमानों के लिए कॉन्ट्रेक्ट हो चुका है। अब 97 तेजस और लिए जाएंगे। फिलहाल तेजस के दो स्क्वाड्रन वायुसेना के पास हैं जिनमें से एक का नाम फ्लाइंग डैगर्स और दूसरे का नाम फ्लाइंग बुलेट्स है। तेजस मार्क-1ए लड़ाकू विमान का आकार छोटा है, इसलिए दुश्मन का कोई राडार सिस्टम इसे पकड़ नहीं पाता है। ऐसे में यह कहीं भी बेखौफ हमला कर सकता है। इसकी मारक दूरी की क्षमता 500



किलोमीटर तक की है। वैसे इसकी कुल रेंज 1850 किलोमीटर की है और अधिकतम 53000 किलोमीटर की ऊंचाई तक उड़ सकता है। इसकी अधिकतम गति 1980 किलोमीटर प्रति घण्टा है। यह हथियारों से लैस होकर शत्रु के क्षेत्र में आक्रमण कर आसानी से वापस लौट सकता है।

रक्षा खरीद परिषद ने 156 और नए प्रचंड हेलीकॉप्टर खरीदने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। ये हेलीकॉप्टर हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड से खरीदे जाएंगे। इन 156 हेलीकॉप्टरों में से 66 को वायु सेना में शामिल किया जाएगा तथा शेष 90 हेलीकॉप्टरों को थल सेना अधिग्रहीत करेगी। इससे वायु सेना की ताकत काफी बढ़ जाएगी। देश में विकसित हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर प्रचंड के वायुसेना के बेड़े में शामिल हो जाने से उसकी युद्ध कौशल क्षमता में काफी बढ़ोत्तरी हो जाएगी। प्रचंड अत्याधुनिक किस्म का लड़ाकू हेलीकॉप्टर है जो बख्तरबंद सुरक्षा प्रणाली, हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों, किसी भी मौसम में किसी भी समय पर हमला करने में सक्षम तथा किसी भी आपात स्थिति में सुरक्षित उतरने में पारंगत है। यह बहुपयोगी हेलीकॉप्टर दुश्मनों के राडारों के चकमा देने में माहिर है, इसलिए अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी पूरी क्षमता के साथ शत्रु के बंकरों को तबाह करने, आतंकवाद विरोधी अभियान चलाने और बचाव अभियान में वायु सेना सक्षम होगी। प्रचंड हेलीकॉप्टर अपनी लड़ाकू विषेशताओं के कारण भारतीय वायु सेना की आक्रामक क्षमताओं को काफी मजबूती प्रदान करेगा। यह हेलीकॉप्टर दोहरे इंजन वाला है। 5.8 टन वजन वाला यह हेलीकॉप्टर स्टील्थ फीचर, आर्मर्ड प्रोटेक्षन सिस्टम तथा रात में हमला करने में सक्षम है। यह 5000 मीटर की ऊंचाई पर टेक ऑफ तथा लैंड करने की क्षमता वाला यह संसार का इकलौता हेलीकॉप्टर है। यह एक्सटेंडेड रेंज वाला हर मौसम में आक्रमण करने में सक्षम होने के साथ-साथ हवा से सतह तथा हवा से हवा में मिसाइल दागने की क्षमता से लैस है। इसे हवा से सतह की नई मारक तकनीक से लैस किया गया है। यह पहाड़ों तथा अन्य इलाकों में शत्रु के मजबूत शेल्टरों को भी ध्वस्त कर सकेगा। यह रेगिस्तानी इलाकों के साथ ही लद्दाख व सियाचिन जैसे अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में भी कारगर भूमिका निभाएगा। डीएसी ने तीसरे विमानवाहक पोत के निर्माण को मंजूरी दे दी है। भारतीय नौसेना के पास अभी दो विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य तथा आईएनएस विक्रान्त हैं। इनमें से आईएनएस विक्रमादित्य रूस से खरीदा गया था और आईएनएस विक्रान्त स्वदेश में निर्मित है। नया विमानवाहक पोत स्वदेशी विक्रान्त की तरह ही होगा। यह पोत 40000 करोड़ की लागत से बनेगा। 45000 टन वजन वाला यह पोत कोचीन षिपयार्ड में बनाया जाएगा। इसकी लंबाई 262 मीटर, चौड़ाई 62 मीटर और उंचाई 59 मीटर की होगी। इसकी गति 52 किलोमीटर प्रति घण्टा होगी। यह पानी में तैरते हुए किसी सैन्य अड्डे की तरह होगा। इस पर करीब 28 लड़ाकू विमानों के अतिरिक्त बड़ी संख्या में हेलीकॉप्टर, मिसाइल, रॉकेट, गन और बमों जैसे खतरनाक हथियार तैनात रहेंगे। यह 400 किलोमीटर की एरिया की निगरानी करेगा और इतने क्षेत्र के खतरों से निपटने में सक्षम होगा। इस तरह हिन्द महासागर क्षेत्र में भारत की ताकत काफी बढ़ जाएगी।

भारतीय वायु सेना को सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमानों को उन्नत बनाने की अनुमति मिल गई है। पुराने मिग-21 लड़ाकू विमान अब वायु सेना का हिस्सा नहीं रहेंगे। मिग-21 विमानों की कमी को पूरा करने के लिए वायु सेना 60000 करोड़ रुपये की लागत से 87 सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमानों को उन्नत बनाने का कार्य किया जाएगा। वायु सेना के बेड़े में मिग-29 मल्टी रोल एयरक्राफ्ट और जगुआर जैसे विमान हर मौसम में लड़ाई के तैयार रहने वाले हैं। इन सभी विमानों का इस्तेमाल करने पर हम पाकिस्तान व चीन दोनों पर भारी पड़ेंगे।

(लेखक सैन्य विज्ञान के प्राध्यापक रहे हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।



संकलित

## दर्शन

# वस्तुनिष्ठ विश्लेषण है विज्ञान

जब आप संसार की किसी वस्तु को जानने की जिज्ञासा में यह प्रश्न करते हैं कि यह क्या है? तो दरअसल किसी चीज को इस दृष्टिकोण से जानने की उत्सुकता रखना आपको विज्ञान की ओर अग्रसर करता है और यदि आप ये प्रश्न करते हैं कि मैं कौन हूं? तो यह दृष्टिकोण आपको आध्यात्मिकता की ओर अग्रसर करता है। वस्तुनिष्ठ विश्लेषण विज्ञान है और आत्मनिष्ठ विश्लेषण अध्यात्म। क्या आप जानते हैं, ऐसा कहा गया है कि बुद्धिमता का पहला चिन्ह है कि कुछ भी न कहो, दूसरा चिन्ह है कि क्योंकि आप पहला चिन्ह खो चुके हो, तो जब तक पूछा न जाए तब तक कुछ भी न कहें। इस देश में लगभग सभी शास्त्र एक प्रश्न से शुरू होते हैं। दूसरे देशों के विपरीत यहां हमने हमेशा अनुसंधान की भावना को बढ़ावा दिया है। विज्ञान का मूल अनुसंधान की भावना है। पूर्व में हमेशा हमने आपको प्रश्न पूछने के लिए प्रोत्साहित किया है। हम यह कभी नहीं कहते कि प्रश्न मत पूछो, हम कहते हैं कि प्रश्न पूछो। मुझसे एक अध्यापक ने पूछा कि विज्ञान और आध्यात्मिकता में क्या भेद है? विज्ञान क्या है? विज्ञान माने, यह क्या है? का व्यवस्थित विश्लेषण ही विज्ञान है। पूरब में विज्ञान और अध्यात्म कभी भी एक दूसरे के विरोधाभासी नहीं रहे। यहां कभी किसी वैज्ञानिक को सताया नहीं गया। अब ध्यान करना है बहुत आसान। आज ही सीखें। पश्चिम में कहते हैं तुम पहले विश्वास करो, एक दिन तुम्हें अनुभव भी हो जाएगा। उसमें भी कुछ सत्य है। *-श्रीश्री रवि शंकर*



संकलित

## प्रेरणा

# आज के मनुष्य का प्रधान शत्रु है आलस्य

आज के मनुष्य का एक प्रधान शत्रु आलस्य है तनिक सा कार्य करने पर ही वह ऐसी मनोभावना बना लेता है कि अब मैं थक गया हूं। मैंने बहुत काम कर लिया है। अब थोड़ी देर विश्राम या मनोरंजन कर लूं। ऐसी मानसिक निर्बलता का विचार मन में आते ही वह शैय्या पर लेट जाता है अथवा सिनेमा में जा पहुंचता है या सैर को निकल जाता है और मित्र मंडली में व्यर्थ की गपशप करता है। यदि आधुनिक मानव अपनी कुशाग्रता, तीव्रता, कुशलता और विकास का घमंड करता है, तो उसे यह भी स्मरण रखना चाहिए कि समय की इतनी बर्बादी पहले कभी नहीं की गई। यदि हम मन में दृढ़तापूर्वक यह ठान लें कि हमें अपने दिन से सबसे अधिक लाभ उठाना है, प्रत्येक क्षण का सर्वाधिक सुंदर तरीके से उपयोग करना है तो कई गुना लाभ उठा सकते हैं। जो व्यक्ति अपनी आय का प्रारंभिक बजट बना कर खर्च करता है, वह प्रत्येक रुपए इकन्नी और पैसे से अधिकतम लाभ निकालता है। इसी प्रकार दैनिक कार्यक्रम बनाकर समय को व्यय करने वाला जीवन के प्रत्येक क्षण का अधिकतम लाभ उठाता है और आत्म विकास करता है। प्रत्येक क्षण जो आप व्यय करते हैं, अंतिम रूप से व्यय कर डालते हैं, वह वापस लौटकर आने वाला नहीं है। जब मृत्यु समीप आती है तो हमें जीवन के दो चार क्षणों का ही बड़ा मूल्य लगता है। कठोर एकाग्रता वाले कार्यों से वह दूर भागता है। यह भी आलस्य जन्य विकार का एक रूप है। वे श्रम कम करते हैं, विश्राम और मनोरंजन अधिक चाहते हैं। *-श्रीराम शर्मा*

## विशेष

प्रो. कन्हैया त्रिपाठी



# 75वीं दहलीज यूडीएचआर व मानवाधिकार का सच

यह पृथ्वी हमारी है। चाहे भौगोलिक क्षेत्र कोई भी हो, इस पृथ्वी पर मनुष्य द्वारा सृजित सत्ता है। इस पृथ्वी पर मनुष्य की इस सत्ता को चुनौती भी मनुष्य सभ्यता द्वारा लगातार दी जा रही है। हमारे सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक व सांस्कृतिक विकास के लिए गढ़ी गई विभिन्न अवधारणाओं में हमें यह बताने की कोशिश होती है कि इस बदलाव से अमुक चीजें मनुष्य के लिए सहयोगी बनेंगी, लेकिन होता कुछ नहीं है। एक उदाहरण देखें। भारत आजाद हुआ और नेहरू की सरकार ने देश में विकास की बात की और यह बताया कि जब बांध बनेंगे तो बिजली बनेगी। बिजली बनेगी तो विकास होगा। इसी प्रकार जब भी परमाणु परीक्षण हुआ तो यह बताया गया कि आत्म-सुरक्षा की दृष्टि से और अपने विकास व मेधा को प्रदर्शित करने के लिए यह साइंटिफिक रिसर्च व हथियार हमारे ज्ञान के विकास को प्रदर्शित करते हैं। यह हमारी संप्रभुता और शक्तिशाली होने को भी प्रमाणित करते हैं। दुनिया में शहरीकरण, बाज़ार, औद्योगीकरण से विकास को परिभाषित किया गया। कृषि आधारित उत्पादन के लिए खाद व रसायन का उपयोग होगा तो यह हमारी तरक्की होगी, यह भी बताया गया। अब यह मनुष्यों द्वारा ईजाद किया गया भ्रम मनुष्य पर भारी पड़ने लगा है। बांधों से विस्थापन हुआ। परमाणु हथियारों से नागासाकी और हिरोशिमा हुआ। अन्य विकास के जो भी पैमाने बताए गए, उनसे मनुष्य-समाज किस प्रकार अपने ही ऊपर कसे गए सिकंजे में फंस हुआ स्वयं को पा रहा है, उसे हर व्यक्ति आज जान चुका है। ये सभी मानवाधिकारों के हनन के कारक हैं। जब प्रथम विश्व युद्ध समाप्त हुआ था तो दुनिया इकट्ठी हुई थी। लीग ऑफ नेशंस बनाया। द्वितीय विश्व युद्ध हुआ तो दुनिया जुटी और संयुक्त राष्ट्र बनाया। संयुक्त राष्ट्र बनने के बाद ही तो दुनिया में मानवाधिकारों के व्यापक संरक्षण की वकालत शुरू हुई थी और एलीनर रुजवेल्ट की अध्यक्षता में संयुक्त राष्ट्र सार्वभौम घोषणा पत्र तैयार हुआ था। भारत की हंसा मेहता भी इस महत्वपूर्ण दस्तावेज़ निर्माण में शामिल थीं। 10 दिसंबर 1948 को संयुक्त राष्ट्र सार्वभौम घोषणा पत्र दुनिया के अधिकांश देशों ने सर्वसम्मति से अंगीकृत किया। अपने उत्थान और पतन की पर्याप्त बहस में उलझा इंसान इस सार्वभौम घोषणा पत्र के 75 वर्ष बाद यह आंकलन कर रहा है कि हमने अपनी प्रतिबद्धताओं के साथ क्या किया? हम मानवाधिकारों के संरक्षण के लिए कितना सफल हुए? संयुक्त राष्ट्र सार्वभौम घोषणा-पत्र यानी यूडीएचआर के 75वीं दहलीज के बाद का मानवाधिकारों का जायजा लिया जाना जरूरी भी है। यह समझने की जरूरत है कि संयुक्त राष्ट्र, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकारों के उच्चायुक्त कार्यालय, ने कितना मानवाधिकारों का संरक्षण किया और क्या शेष है? या यह सब आज तक जो हुआ वह सब एक प्रकार से भ्रम रचा गया। सवाल खुद से पूछकर देखिए तो हजार सवाल हैं सबके पास। कोई भी दुनिया का व्यक्ति आज से संतुष्ट नहीं है। लेकिन, ऐसा नहीं है कि असन्तुष्ट लोगों की संख्या बहुत ही अधिक है। विश्व के विभिन्न हिस्से में निगाह उठाकर देखें तो पता चलता है कि आज भी सुरक्षा, गरिमा, स्वस्थ जीवन, भरपेट भोजन व स्वतंत्रता व संपन्नता पूर्णतया सबके लिए मौजूद नहीं है। शरणार्थियों की संख्या बढ़ रही है। विस्थापन हो रहे हैं। भूख बढ़ी है। गरीबी बढ़ी है। हिंसा बढ़ी है। युद्ध निरंतर जारी हैं। जलवायु समस्या रुकने का नाम नहीं ले रही है। हमारा समुद्र और ग्लेशियर भी कहां सुरक्षित हैं। हमारा हैपीनेस इंडेक्स किस स्तर पर है, यह सबको पता है। भारत में राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने सतत मानव अधिकारों के संरक्षण के लिए कार्य किया है, इस बात का संतोष है। वर्तमान एनएचआरसी अध्यक्ष और उसके सम्मानित सदस्य निःसंदेह जिन्होंने नई पहल की है, उसकी गनहरी ने तारीफ की है। विश्व में हमारे एनएचआरसी का सम्मान बढ़ा है। स्वतःसंज्ञान के भी मामले बहुत प्रभावकारी बन पड़े हैं। ऐसा ही पूरे विश्व के देश प्रयास करें। ऐसा ही हर व्यक्ति प्रयास करे। यूडीएचआर सबकी पहुंच का हिस्सा बन जाएगा। मानवाधिकारों का संरक्षण आवश्यक है। ऐसे वातावरण को तैयार करने की आवश्यकता है जिससे सब सबमें अपने आपको देखें। 75वीं दहलीज पर खड़े विश्व से यह अपील हर नागरिक करे कि उन्हें व्यष्टि से समष्टि की ओर आगे बढ़ना है और निरंतर सबका ख्याल रखना है, तभी हम यूडीएचआर को सबके जीवन का हिस्सा बना सकेंगे और मनुष्य की गरिमा, स्वतंत्रता व प्रसन्नता को सतत बना सकेंगे। निःसंदेह बड़े आत्मावलोकन से गुजरकर ही इस लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

(लेखक राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी रह चुके हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अंतर्मन




## आज की पाती

### नशा नाश ही नहीं सर्वनाश करता है

नशा नाश करने वाली युक्ति हम हर दूसरे व्यक्ति से सुनते हैं। लेकिन पुलिस प्रशासन की आंखों में धूल झोंककर युवा नशे के आदि होते जा रहे है। पंजाब में युवा नशे के कारण बर्बाद हो रहा है। गुजरात में पुलिस ने कई बार ड्रग्स बरामद किया है। इन राज्यों के अलावा राजस्थान में भी नशे का कारोबार फलफूल रहा है। युवा नशे के आदि हो रहे हैं। लेकिन पुलिस प्रशासन अनभिज्ञ है। नशे के कारण मां की कोख सूनी हो रही है। सुहाग उजड़ रहा, बहन अपने भाई को खो रही है। राजस्थान में नशे के कारोबारी पुड़िया में नशीले ड्रग्स का कारोबार कर युवाओं का जीवन नष्ट कर रहे हैं। राजस्थान में अब नई सरकार का गठन होगा और जनता को विश्वास है कि नशा बेचने वाले पैडलर को राज्य से भगाया जाएगा। *– कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## ट्रेंड

### गंभीर प्रयास की जरूरत



जैसे-जैसे विखंडनकारी ताकतें मजबूत हो रही हैं, हमें पुल बनाना होगा और वैश्विक चुनौतियों का साझा समाधान ढूंढना होगा। हमें समानता और एकजुटता पर आधारित वैश्विक संरचनाओं को अद्यतन बनाने के लिए गंभीर प्रयास की आवश्यकता है।

-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

### कांग्रेस का लेना-देना नहीं



सांसद धीरज साहू के बिज़नेस से कांग्रेस का कोई लेना-देना नहीं है। सिर्फ़ वही बता सकते हैं, और उन्हें यह स्पष्ट करना भी चाहिए, कि कैसे आयकर अधिकारियों द्वारा कथित तौर पर उनके ठिकानों से इतनी बड़ी मात्रा में कैश बरामद किया जा रहा है।

-जयराम रमेश, कांग्रेस नेता

### सरकार तुहाड्डे द्वार शुरू



दिल्ली की तरह अब पंजाब में भी सरकार लोगों के घर जाकर उनके काम करके आएगी। अब लाइन में लगने, दलालों को पैसे देने, दफ़्तरों के चक्कर काटने की ज़रूरत नहीं। आज से 'भगवंत मान सरकार तुहाड्डे द्वार' योजना शुरू।

-अरविंद केजरीवाल, सीएम दिल्ली

### समझने की बात




क्राई में 3 अक्षर हैं, जॉय में भी। नफरत में 4 अक्षर होते हैं, प्यार में भी 4। झूठ में 5 अक्षर होते हैं, सत्य में भी। शत्रु के भी 7 अक्षर होते हैं, मित्र के भी। नकारात्मकता में 10 अक्षर होते हैं, सकारात्मकता में भी 10 अक्षर होते हैं।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

## करंट अफेयर

# अब रूस ने दी 'तीसरे विश्वयुद्ध' की चेतावनी


रूस और यूक्रेन का युद्ध चल रहा है और दुनिया एक बार फिर तबाही के मुहाने पर है। रूसी राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन की ओर से वॉर्निंग दी गई है। इसमें कहा गया है कि 1962 में क्यूबा मिसाइल संकट के बाद से परमाणु विश्वयुद्ध का खतरा इतना बड़ा कभी नहीं रहा। पूर्व रूसी राष्ट्रपति और पुतिन के करीबी दिमित्री मेदवेदेव ने भविष्यवाणी की है कि खून की नदियां बहेंगी। उन्होंने यूक्रेन के लिए और भी ज्यादा सैन्य समर्थन को मंजूरी देने के लिए अमेरिकी कांग्रेस को मजबूर करने के बाइडेन प्रशासन के प्रयासों की आलोचना की। मेदवेदेव ने कहा, 'उन्होंने कभी भी एक यूक्रेन जैसे छोटे देश के लिए इतना पैसा नहीं वसूला। यूक्रेन पतन की प्रक्रिया में है।' मेदवेदेव इसके जरिए जो बाइडेन के बेटे हंटर से जुड़े संदिग्ध व्यापारिक लेनदेन के आरोपों का जिक्र कर रहे थे। मेदवेदेव का यह बयान पुतिन के एक अन्य शीर्ष राजनयिक की ओर से धमकी के बाद आया है। उन्होंने कहा था कि अगर यूक्रेन के नए एफ–16 लड़ाकू विमान पोलैंड, स्लोवाकिया और रोमानिया में मौजूद होंगे तो नाटो देशों को निशाना बनाया जाएगा। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने पश्चिमी देशों को चेतावनी दी है कि अगर एडवांस जेट नाटो देशों में मौजूद हुए तो वह रूस के लिए उचित लक्ष्य होंगे।



## ऑफ बीट

# अद्भुत है सारण में बना द्वारिकाधीश मंदिर

द्वारिकाधीश मंदिर गुजरात की तर्ज पर बना बिहार के छपरा का द्वारिकाधीश मंदिर भी अब पर्यटन स्थल के रूप में उभर रहा है और मंदिर की दर्शनीयता को देखने के लिए दूर–दूर से लोग बिहार के छपरा नैनी गांव में आते हैं। यह मंदिर गुजरात के द्वारिकाधीश मंदिर की याद दिलाता है और उसी तरह विशेष धार्मिक महत्त्व रखता है। गुजरात से भी श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए आते हैं। छपरा–बनियापुर सडक़ से सटे नैनी गांव में स्थापित है द्वारिकाधीश मंदिर। छपरा शहर से महज 6 किलोमीटर की दूरी पर एनएच 331 स्थित नैनी में बना द्वारिकाधीश मंदिर श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र बिंदु बन गया है। साढ़े आठ करोड़ की लागत से तैयार इस भव्य मंदिर में राधा–कृष्ण के साथ शिव–पार्वती, दुर्गा, गणेश, हनुमान जी की मूर्तियां भी स्थापित हैं। इस मंदिर के निर्माण में गुजरात से ही पूरा संगमरमर लाया गया था। इसकी खासियत है कि इसे गुजरात के ही कारीगरों द्वारा 14 वर्षों में पूरी तरह तैयार किया गया है। इस तरह यह गुजरात के ही द्वारिकाधीश मंदिर की दूसरी प्रतिकृति लगता है। गुंबद पर लगे ध्वज को मिलाकर इसकी कुल ऊंचाई चालीस फीट है। मंदिर निर्माण का कार्य 2005 मे शुरू हुआ था, तब से लेकर 25 से 30 कारीगरों ने प्रतिदिन यहां काम किया है।






गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

*अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का काम जोरों पर है। इसका गर्भ गृह बनकर तैयार है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में 6 हजार से अधिक मेहमान शामिल होंगे। इससे पहले अयोध्या में धर्म पथ पर 'सूर्य स्तंभ' स्थापित किया गया है। अयोध्या के डीएम नितीश कुमार ने बताया कि लता मंगेशकर चौक के पास, धर्म पथ पर आरंभ और समापन बिंदु के बीच नियमित अंतर पर सूर्य स्तंभ स्थापित किया जा रहा है।*

## प्राण प्रतिष्ठा आयोजन को लेकर की जा रही ये तैयारी

# अयोध्या में धर्म पथ पर 'सूर्य स्तंभ' हुआ स्थापित

### जोरों पर है राम मंदिर निर्माण का काम

एजेंसी ▸▸| अयोध्या

अयोध्या में धर्म पथ पर रघुवंशियों के आराध्य भगवान सूर्य का प्रतिनिधित्व करते सूर्य स्तंभ बनाए जा रहे हैं। पूरी अयोध्या में 40 जगहों पर इनका निर्माण किया जा रहा है। इससे मुख्य मार्ग को और आकर्षण मिलेगा। लोक निर्माण विभाग नौ मीटर लंबी तथा चार मीटर ऊंची 85 दीवारों का निर्माण करा रहा है, जिन पर रामकथा का चित्रण होगा। 30-30 मीटर की दूरी पर इनका निर्माण किया जा रहा है।

**इस मार्ग को दिया गया धर्म पथ का नाम**

अयोध्या में लखनऊ-गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-27) पर साकेत पेट्रोल पंप से लेकर लता मंगेशकर चौक तक के मार्ग को धर्म पथ का नाम दिया गया है। यह रास्ता करीब 2 किमी का है। रामजन्मभूमि को को हाईवे से जोड़ने वाला यही मुख्य रास्ता है। इस रास्ते को सजाने और संवारने का नाम दिया जा रहा है।



**गर्भगृह की तस्वीर भी आई सामने**

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय ने शनिवार को गर्भगृह की तस्वीरें शेयर की है। उसमें लाइटिंग से लेकर तमाम फिटिंग का काम पूरा हो चुका है। दीवार पर खूबसूरत कलाकृतियां की गई हैं और रामायण के अलग-अलग कालखंड को दर्शा रही हैं। भूतल और पहली मंजिल का काम पूरा करने के लिए 31 दिसंबर तक की डेडलाइन दी गई है। इसी डेडलाइन के तहत काम को पूरा किया जाना है।




**20 से 22 जनवरी तक रामलला के दर्शन नहीं**

श्रीराममंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक में पहले दिन रामजन्मभूमि परिसर में मंदिर समेत निर्माणाधीन दस परियोजनाओं की समीक्षा की गई। मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने मंदिर निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। ट्रस्ट की ओर से जारी किए गए बयान के मुताबिक 20 से 22 जनवरी तक श्रद्धालु रामलला के दर्शन नहीं कर पाएंगे। प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान व वीआईपी मूवमेंट के चलते तीन दिन दर्शन पर रोक लगाने की तैयारी हो रही है।

## खबर संक्षेप

### मानवाधिकारों को लेकर भारत सर्वाधिक समृद्ध


**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को मुफ्तखोरी की राजनीति पर कहा कि जेबों को नहीं बल्कि इंसानी दिमाग को



सशक्त बनाने की जरूरत है। धनखड़ भारत मंडपम में मानवाधिकार दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के एक कार्यक्रम में शामिल हुए थे। उन्होंने कहा कि दुनिया का कोई भी देश मानवाधिकारों को लेकर समृद्ध नहीं है, जितना अपना देश है। भारत में संयुक्त राष्ट्र के रेजिडेंट कोऑर्डिनेटर शोम्बी शार्प भी मंच पर मौजूद थे।

### भारत दूसरों पर प्रभाव डालने में सक्षम

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री सिंह ने कहा कि भारत दुनिया के विकास का



इंजन बन गया है और दूसरे देशों पर सकारात्मक प्रभाव डालने में सक्षम बन गया है। फेडरेशन ऑफ इंडियान चेंबर्स ऑफ कॉमर्स इंडस्टी (फिक्की) की 96वीं आम सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में अब अन्य देशों के विकास पर सकारात्मक प्रभाव डालने की स्थिति में पहुंच गया है। भारत ने दुनिया को दिखाया है कि विकास और वितरणात्मक न्याय के बीच कोई असंगत समझौता नहीं है।

### कच्छ : चार किमी में बनेगा चीता प्रजनन केंद्र

**अहमदाबाद।** गुजरात के कच्छ के बन्नी में चार वर्ग किलोमीटर में चीता प्रजनन और संरक्षण केंद्र



स्थापित किया जाएगा। इसके लिए केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण (सीजेडए) की अनुमति ली जाएगी, क्योंकि चीता शेड्यूल एक तहत संरक्षित प्राणी है। वन पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने शुक्रवार को कार्यकारी समिति की बैठक में प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इसकी निगरानी और प्रबंधन की जिम्मेदारी राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण को सौंपी गई है।

### छेड़छाड़ के दोषी को एक दिन की जेल

**मुंबई।** मुंबई की अदालत ने महिला से छेड़छाड़ के एक आरोपी को एक दिन जेल की सजा दी है। साथ ही कोर्ट ने आरोपी पर एक



हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। आरोप है कि व्यक्ति ने साल 2019 में मुंबई की लोकल ट्रेन में एक महिला से छेड़छाड़ की थी। 4 दिसंबर को आए फैसले में मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट बीके गवांडे ने कहा कि आरोपी ने जघन्य अपराध किया है इसलिए उन्होंने आरोपी को प्रोबेशन का लाभ नहीं दिया है। खबर के अनुसार पीड़ित महिला अपने भाई के साथ मुंबई की लोकल ट्रेन में 13 अगस्त 2019 को सफर कर रही थी।

### राजस्थान व एमपी में मुख्यमंत्री तय करने भाजपा हाईकमान को परेशानी

**मोदी-शाह को चुनौती दे रही हैं राजे**

# सीएम के लिए जिद पर अड़ीं वसुंधरा! विधायक दल की टल गई बैठक

**सीएम तय करने के लिए बनाए गए पर्यवेक्षक नहीं पहुंचे जयपुर**

**कई विधायकों का समर्थन है राजे के पक्ष में**

एजेंसी ▸▸| जयपुर

राजस्थान में नए सीएम का मामला लंबा खींचता जा रहा है। खबर है कि बीजेपी विधायक दल की बैठक मंगलवार को होगी। पहले कल सोमवार को बैठक प्रस्तावित थी। लेकिन नए सीएम की खोज के लिए बनाए गए पर्यवेक्षक राजनाथ सिंह, सरोड पांड़े और विनोद तावड़े रविवार को जयपुर नहीं पहुंचे है। ऐसे में माना जा रहा है कि



विधायक दल की बैठक मंगलवार को होगी। तर्क यह दिया जा रहा है कि राजनाथ सिंह का लखनऊ में कोई कार्यक्रम है। इसलिए जयपुर नहीं पहुंच पाए है।सियासी जानकारों का कहना है कि वसुंधरा राजे जिद पर अड़ी हुई है। ऐसे में सहमति नहीं बन पाने की वजह से पर्यवेक्षकों का जयपुर आने का दौरा टल गया है। राजनीति विश्लेषकों का कहना है कि वसुंधरा राजे मोदी-शाह को मैडम चुनौती दे रही हैं। मान भी लिया जाए कि राजनाथ सिंह के कार्यक्रमों की वजह से विधायक दल की बैठक टाली जा रही हो, क्योंकि राष्ट्रपति की अगवानी करने के लिए वहां का राज्यपाल, मुख्यमंत्री, और केंद्र से मंत्री भेजे जा सकते हैं। सियासी जानकारों का कहना है कि बात इतनी सीधी नहीं है कि राजनाथ के पूर्व कार्यक्रमों की वजह से इतनी देरी लग रही हो। दरअसल, पार्टी आलाकमान वसुंधरा राजे के डरा हुआ है। क्योंकि विधायकों का समर्थन वसुंधरा राजे के पक्ष में है। जबकि आलाकमान वसुंधरा राजे को पसंद नहीं कर रहा है। पसंद करता तो सीएम फेस ही घोषित कर देता। लेकिन ऐसा नहीं किया।

**रेस में आधा दर्जन चेहरे**

यही वजह है कि वसुंधरा राजे की तुलना में राजस्थान बीजेपी में कोई बड़ा चेहरा नहीं है। राजस्थान में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, अश्वनि वैष्णव, किरोड़ी लाल मीणा, अर्जुन मेघवाल और वसुंधरा राजे समेत आधा दर्जन नाम सीएम की रेस में शामिल है।

**यह विधायक मिलने पहुंचे वसुंधरा से**

वसुंधरा राजे के जयपुर पहुंचने की खबर मिलते ही उनके समर्थक विधायक उनके आवास में मिलने के लिए जुट गए। इस दौरान रविवार को डेगाना विधायक अजय सिंह किलक, शेरगढ़ विधायक बाबू सिंह राठौड़, बिलाड़ा विधायक अर्जुन लाल गर्ग, कोलायत विधायक अंशुमान सिंह भाटी, बाली विधायक पुष्पेंद्र सिंह राणावत, निंबाहेड़ा विधायक श्री चंद्र कृपलानी, बगरू विधायक कैलाश वर्मा, गुड़ामालानी से केके बिश्नोई, वैर विधायक बहादुर सिंह कोली, नदबई विधायक जगत सिंह और भादरा विधायक संजीव बेनीवाल वसुंधरा राजे से मिलने पहुंचे गए हैं। इसके अलावा वसुंधरा से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक प्रणामी देवी सिंह भाटी राजपाल सिंह शेखावत और प्रहलाद गुंजल भी मिलने पहुंचे हैं।

**सियासत में मची है हलचल**

बता दें कि राजस्थान में विधानसभा चुनाव का परिणाम 3 दिसंबर को आया था। लेकिन इसके बाद भी अभी तक बीजेपी की ओर से नया मुख्यमंत्री तय नहीं हो पाया है। इसको लेकर लगातार राजस्थान की सियासत में हलचल मची हुई है। उधर, भाजपा ने भले ही तीन केंद्रीय पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की। लेकिन अभी तक विधायक दल की बैठक नही हो पाई है। रविवार को इस बात के कयास थे कि तीनों पर्यवेक्षक सोमवार को विधायक दल की बैठक लेंगे। इसके बाद ही मुख्यमंत्री को लेकर कुछ स्थिति साफ हो पाएगी। लेकिन अब यह बैठक भी खटाई में जाती हुई दिखाई दे रही है।

### मप्र में बैठक के पहले शिवराज की 'सभी को राम-राम'

मध्य प्रदेश में बीजेपी की शानदार जीत के 7 दिन बाद भी सूबे को नया मुख्यमंत्री नहीं मिला है। इसी को लेकर अब नवनिर्वाचित बीजेपी विधायकों की महत्वपूर्ण बैठक होने वाली है। ये बैठक राजधानी भोपाल में 11 दिसंबर यानी सोमवार को होगी। लेकिन उससे पहले मौजूदा मुख्यमंत्री शिवराज ने सोशल मीडिया साइट एक्स (पहले ट्विटर) पर एक पोस्ट शेयर कर हलचल बढ़ा दी है। जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा 'सभी को राम राम।



मुख्यमंत्री की एक पोस्ट ने मध्य प्रदेश में फिर से अटकलों का बाजार गर्म हो गया है। माना जा रहा है कि ये पोस्ट और शिवराज का ये अंदाज उनके एक बार फिर से मुख्यमंत्री बनने की तरफ इशारा कर रहा है। और वो एक बार फिर से प्रदेश की कमान संभाल सकते हैं. दरअसल 'राम राम' का इस्तेमाल अभिवादन के साथ साथ विदाई संदेश के लिए भी किया जाता है। आपको बता दें कि बीजेपी ने शुक्रवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, पार्टी के ओबीसी मोर्चा के प्रमुख के लक्ष्मण और सचिव आशा लाकड़ा को मध्य प्रदेश में अपने विधायक दल के नेताओं के चुनाव के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किया है।

**मोस्ट वांटेड आतंकी को उठाकर ले गए बंदूकधारी**

# पुलवामा हमले का मास्टरमाइंड औरंगजेब पाकिस्तान में किडनैप



एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

एक रिपोर्ट के अनुसार, जैश-ए-मोहम्मद के शीर्ष आतंकवादी और सीआरपीएफ काफिले पर कुख्यात 2019 पुलवामा आतंकी हमले के मुख्य साजिशकर्ता मोहिउद्दीन औरंगजेब आलमगीर को हाफिजाबाद (पाकिस्तान) में 'अज्ञात' लोगों द्वारा अपहरण कर लिया गया है। कथित तौर पर यह घटना तब हुई जब वह डेरा हाजी गुलाम में एक पारिवारिक समारोह में जा रहे थे। अपहरण के लिए जिम्मेदार अज्ञात कार सवारों का पता नहीं चल सका है। मोहिउद्दीन औरंगजेब आलमगीर ने 2019 पुलवामा आतंकी हमले की योजना और कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिसमें 40 से अधिक केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) कर्मियों की जान चली गई थी। इस हमले से विश्व स्तर पर सदमे की लहर दौड़ गई और भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ा।

**शादी समारोह में जाते समय अपहरण**


औरंगजेब का कथित अपहरण पाकिस्तान के हफीजाबाद में हुआ, जब वह एक पारिवारिक समारोह में जा रहा था। रिपोर्टों से पता चलता है कि अज्ञात कार सवारों ने उन्हें और उनके एक रिश्तेदार को रोका और उन्हें जबरन हिरासत में ले लिया। औरंगजेब और उसके रिश्तेदार का ठिकाना अज्ञात है, जिससे उनकी सुरक्षा और घटना के संभावित नतीजों को लेकर चिंता बढ़ गई है।

**आईएसआई की छापेमारी**

अपहरण के जवाब में, इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) और पाकिस्तानी सेना सहित पाकिस्तानी अधिकारियों ने कथित तौर पर अज्ञात अपहरणकर्ताओं को पकड़ने के लिए हाफिजाबाद क्षेत्र में कई छापे मारे हैं। इन प्रयासों के बावजूद, अपराधी पकड़ से बाहर हैं, जिससे स्थिति में रहस्य का माहौल जुड़ गया है। अपहरणकर्ताओं का पता न चल पाना और औरंगजेब की मोटरसाइकिल को एक सुनसान इलाके में छोड़ दिए जाने से स्थिति की तात्कालिकता रेखांकित होती है।

# टेबल पर गड्डियां ही गड्डियां सांसद साहू के यहां जांच जारी





**नई दिल्ली।** झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के ठिकानों पर आयकर विभाग की रेड जारी है। इस दौरान अब तक 300 करोड़ से ज्यादा का कैश मिल चुका है। ये छापेमारी कांग्रेस नेता के ओडिशा और झारखंड में स्थित ठिकानों पर की जा रही है। ओडिशा के बलांगीर में इतना कैश मिला है कि पूरी की पूरी टीम को नोट गिनने में लगाया गया है। कांग्रेस सांसद धीरज साहू के ठिकानों से बरामद कैश की काउंटिंग जारी है। एसबीआई बालांगीर के क्षेत्रीय प्रबंधक भगत बेहरा ने बताया कि यह किसी एक समूह और उससे जुड़ी संस्थाओं के खिलाफ कार्रवाई के तहत देश में किसी एजेंसी द्वारा की गई अब तक की सबसे अधिक कैश जब्ती है।

■ **300 करोड़ से ज्यादा का कैश मिल चुका है अब तक**

**मामले पर धीरज साहू ने साधी चुप्पी**

जानकारी के मुताबिक, आयकर विभाग की कार्रवाई को लेकर सांसद धीरज साहू की ओर से कोई भी बयान सामने नहीं आया है। पीटीआई के हवाले से कहा गया है कि धीरज साहू से इस मामले पर बात करने पर उन्होंने इसपर कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया। बौध डिस्टिलरी ग्रुप को ईमेल भी किया गया, उसका भी जवाब नहीं आया है।

### केन्या में 'सुमेधा'...



अफ्रीका में चल रही लंबी दूरी की तैनाती के एक हिस्से के रूप में, भारतीय नौसेना का जहाज 'सुमेधा' केन्या के लामू बंदरगाह पर पहुंचा। इस दौरान, दोनों देशों के जवान। नौसेना का यह जहाज आधुनिक हथियारों व उन्नत उपकरणों से लैस है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, यह आगमन केन्या में हाल ही में विकसित बंदरगाह पर किसी भी भारतीय नौसेना जहाज द्वारा प्रथम बंदरगाह कॉल का प्रतीक है।

### मायावती ने भतीजे आकाश को घोषित किया उत्तराधिकारी

एजेंसी ▸▸| लखनऊ

बसपा की अध्यक्ष मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया है। मायावती द्वारा लोकसभा चुनाव की तैयारी के सिलसिले में बुलाई गई पार्टी पदाधिकारियों की बैठक में शामिल होने आए बसपा की शाहजहांपुर इकाई के जिला अध्यक्ष उदयवीर सिंह ने संवाददाताओं को बताया



कि पार्टी अध्यक्ष ने बैठक में अपने भतीजे आकाश आनंद को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया। उन्होंने बताया कि यहां बसपा कार्यालय में हुई देश भर के पार्टी नेताओं की बैठक में मायावती ने यह घोषणा की। बसपा के विधान परिषद सदस्य भीम राव आंबेडकर ने भी पुष्टि की कि मायावती ने आकाश आनंद को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया है। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (जिसे पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता था) पर आकाश आनंद खुद को "बाबा साहब के विजन का युवा समर्थक" कहते हैं।

**सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने की अहम टिप्पणी**

# सोशल मीडिया के विकास से समुदायों में बढ़ी असहिष्णुता

### एक पुरस्कार समारोह में बोले- असहिष्णुता की वजह से दुनियाभर में बढ़ रहा है ध्रुवीकरण

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

सीजेआई जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि सोशल मीडिया के बढ़ते दायरे और समुदायों में बढ़ती असहिष्णुता की वजह से दुनियाभर में ध्रुवीकरण बढ़ रहा है और भारत इससे अछूता नहीं है। सीजेआई ने जमनालाल बजाज पुरस्कार समारोह में कहा कि भारत की बहुलवादी संस्कृति और संवाद का माहौल इसे कई उन



देशों से अलग बनाता है, जिन्हें उसी अवधि में आजादी मिली थी लेकिन वे लोकतंत्र को बरकरार नहीं रख सके। भारत के साथ-साथ कई अन्य देशों को 75 साल पहले औपनिवेशिक शासन से आजादी मिल गई थी, लेकिन उनमें से कई वास्तविक स्वशासन को प्राप्त करने में नाकाम रहे, जबकि भारत अपने लोकतंत्र को बनाए रखने में सक्षम रहा। उन्होंने कहा कि वैश्वीकृत दुनिया में आज हम जो ध्रुवीकरण देख रहे हैं, वह दाएं और बाएं तथा मध्य के बीच ध्रुवीकरण है, जो हम दुनियाभर में अनुभव करते हैं। भारत कोई अपवाद नहीं है। सीजेआई ने कहा कि सुनने का साहस होने से व्यक्ति यह स्वीकार करता है कि उसके पास सभी सही उत्तर नहीं हो सकते हैं, लेकिन वह उन्हें तलाशने और खोजने के लिए तैयार है।

**कानून अत्यधिक भलाई और मनमानी दोनों का स्रोत**

सीजेआई ने कहा कि ध्रुवीकरण केवल मुक्त बाजारों और प्रौद्योगिकी का परिणाम नहीं है, बल्कि व्यापक लक्ष्य के लिए आत्म बलिदान के वास्तविक मूल्य को पहचानने में समाज की असमर्थता का कारण भी है। उन्होंने समाज में आत्म बलिदान के मूल्य को समझने के महत्व पर जोर दिया, विशेष रूप से समाज के भीतर हाशिए पर रहने वाले लोगों के लिए बेहतर भविष्य की खोज में। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जहां कानून अत्यधिक भलाई का स्रोत हो सकता है, वहीं यह मनमानी का भी स्रोत हो सकता है। उन्होंने कहा कि कानून का प्रभाव इस बात पर निर्भर करता है कि इसका उपयोग कौन करता है और यह उन सामाजिक परिस्थितियों पर निर्भर करता है, जिनमें इसे लागू किया जाता है।

**हम दूसरों की बात नहीं सुन रहे, यही सबसे बड़ी समस्या**


सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड) विश्वविद्यालय के 20वें दीक्षांत समारोह में सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि दूसरों को सुनने की शक्ति जीवन के हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण है। दूसरों को वह स्थान प्रदान करना अत्यधिक मुक्तिदायक है। हमारे समाज के साथ समस्या यह है कि हम दूसरों की बात नहीं सुन रहे हैं, हम केवल अपनी ही सुन रहे हैं। उन्होंने दूसरों की बात सुनने का साहस करने का आग्रह किया।

**विदेशमंत्री एस जयशंकर ने कहा**

# चीन के साथ सीमा विवाद का हमने मजबूती से दिया जवाब

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारत और चीन के बीच लंबे अरसे से सीमा विवाद जारी है। सीमा विवाद के कारण दोनों देशों के बीच कई बार संघर्ष भी हो चुके हैं। इस बीच विदेश मंत्री का कहना है कि उत्तर सीमाओं पर कठिन चुनौतियां हैं। हमने मजबूती के साथ इसका जवाब दिया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को बताया कि कैसे नरेंद्र मोदी सरकार आत्मविश्वास के साथ एक के बाद एक फैसले लेती है, फिर चाहे वह कितना भी कठिन और मुश्किल



क्यों न हो। उन्होंने कहा कि यह हमारी सीमा पर भी हो सकता है। हमें सीमाओं के मामले में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। हम अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए तैनात हैं। भारतीय और चीनी सैनिक पूर्वी लद्दाख में तीन वर्षों से अधिक समय से तैनात हैं। वे टकराव की स्थिति में हैं। हमने राजनयिक और सैन्य वार्ताओं के बाद कई क्षेत्रों से अब सैनिकों को वापस बुला लिया है। हमने वैश्विक संकट कोविड के दौरान भी भारत की संकल्प शक्ति देखी।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# सरकार फिर दे रही सस्ता सोना खरीदने का मौका, ओपन होगी स्कीम

## पहले सीरीज-एक 19-23 जून के बीच और सीरीज-दो 11-15 सितंबर के बीच खुली थी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

■ सरकार इसी महीने सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड की एक किश्त जारी करेगी

सरकार की तरफ से फिर से सस्ता गोल्ड खरीदने का मौका दिया जाने वाला है। सरकार इसी महीने सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड की एक किश्त जारी करेगी। इसके बाद फरवरी में दूसरी किश्त जारी की जाएगी। वित्त मंत्रालय की तरफ से जारी बयान में बताया गया कि 2023-24 सीरीज-3 इसी महीने 18-22 दिसंबर को खुलेगी। सीरीज-4 के लिए 12-16 फरवरी की तारीख तय है। इससे पहले सीरीज-एक 19-23 जून के बीच और सीरीज-दो 11-15 सितंबर के बीच खुली थी।

### एक ग्राम सोने में निवेश करने का विकल्प

योजना के तहत आप कम से कम एक ग्राम सोने में निवेश कर सकते हैं। इसके अलावा आप अधिकतम चार किलो सोने में निवेश कर सकते हैं। सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड की कीमत मेंबरशिप अवधि से पहले हफ्ते के अंतिम तीन वर्किंग डे के लिए इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन लिमिटेड द्वारा प्रकाशित 999 प्योरिटी वाले सोने के समापन मूल्य के औसत के आधार पर भारतीय रुपए में तय की जाती है।



### केवाईसी प्रक्रिया जरूरी

इस बॉन्ड खरीद के लिए केवाईसी मानदंड वही होंगे जो वास्तविक सोने की खरीद के हैं। केवाईसी दस्तावेज जैसे मतदाता पहचानपत्र, आधार कार्ड/पैन या टैन/पासपोर्ट जरूरी होंगे। प्रत्येक आवेदन के साथ आयकर विभाग, अन्य इकाइयों द्वारा जारी किया गया पैन नंबर लगा होना चाहिए।

### यहां से लिया जा सकता है गोल्ड

बॉन्ड की बिक्री बैंकों, स्टॉक होल्डिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, पोस्ट ऑफिस और मान्य शेयर बाजारों बीएसई व एनएसई के जरिए की जाएगी। परंपरागत सोने की मांग कम करने और घरेलू बचत के एक हिस्से के तौर पर गोल्ड बॉन्ड की बिक्री को सबसे पहले नवंबर, 2015 में शुरू किया गया था। गोल्ड बॉन्ड का मैच्योरिटी पीरियड आठ साल होगा लेकिन इसे पांच साल पूरा होने पर निकालने का ऑप्शन भी होगा। मंत्रालय की तरफ से दी गई जानकारी में बताया गया कि ऑनलाइन मेंबरशिप लेने वाले और डिजिटल मोड के जरिए भुगतान करने वाले निवेशकों के लिए एसजीबी का इश्यू प्राइस 50 रुपए प्रति ग्राम कम होगा। रिजर्व बैंक, भारत सरकार की तरफ से बॉन्ड जारी करता है।

## खबर संक्षेप

### कोयला आयात चार प्रतिशत घटा



**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-अक्टूबर अवधि में देश का कोयला आयात 4.2 प्रतिशत घटकर 14.81 करोड़ टन रह गया। यह 15.47 करोड़ टन था। कंपनियों के ई-कॉमर्स मंच एमजंक्शन सर्विसेज लिमिटेड के आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-अक्टूबर, 2023 में गैर-कोकिंग कोयले का आयात 9.45 करोड़ टन था।

### ईवी के लिए सुसंगत नीति का पालन करें सरकार



**नई दिल्ली।** उद्योग मंडल फिक्की की इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) पर गठित समिति की प्रमुख सुलज्जा फिरोदिया मोटवानी ने कहा है कि सरकार को मेक इन इंडिया पहल के प्रावधानों को किसी के लिए हल्का नहीं करना चाहिए और एक सुसंगत नीति का पालन करना चाहिए। भारत में अपना कारखाना स्थापित करने के लिए की जा रही विशेष रियायतों की मांग के बीच आया है।

### भारतीय बाजार में बढ़ रहा प्रीमियम उत्पादों का चलन



**नई दिल्ली।** उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माता सोनी इंडिया ने भारतीय टीवी और ऑडियो बाजार में प्रीमियम उत्पादों की तरफ रुझान बढ़ने से चालू वित्त वर्ष में 15-20 प्रतिशत वृद्धि होने की उम्मीद जताई है। सोनी इंडिया के प्रबंध निदेशक सुनील नैयर ने कहा कि कंपनी की प्रीमियम टेलीविजन श्रेणी इस वृद्धि में अग्रणी भूमिका निभाएगी।

### अब ट्रकों के केबिन में एसी लगाना होगा अनिवार्य




**नई दिल्ली।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने ट्रक चालकों के लिए सफर को सुविधाजनक बनाने के मकसद से अक्टूबर, 2025 से बनने वाले ट्रकों के केबिन में एयरकंडीशनर देना अनिवार्य कर दिया है।एक अक्टूबर, 2025 या उसके बाद बनने वाले एन-2 एवं एन-3 श्रेणी के वाहनों के केबिन में वातानुकूलन प्रणाली (एसी) लगानी होगी।

### इस सप्ताह बढ़ेगी देश में मुद्रास्फीति



**नई दिल्ली।** इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों की चाल व्यापक आर्थिक आंकड़ों, वैश्विक रुझानों और अमेरिकी फेडरल रिजर्व की नीति बैठक के नतीजों से तय होगी। विश्लेषकों ने ऐसी संभावना जताई है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, आगामी सप्ताह में कई महत्वपूर्ण आंकड़े आने हैं।

### विनिवेश के लिए बोलियां आमंत्रित




**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने ओएफएस और किस्तों में लघु बिक्री के जरिए सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के विनिवेश में सरकार की मदद के लिए मर्चेंट बैंकरों और कानूनी सलाहकारों को नियुक्त करने के लिए बोलियां आमंत्रित की हैं। लेनदेन के आकार के आधार पर चार श्रेणियों - ए प्लस प्लस, ए प्लस, ए और बी के लिए बोलियां आमंत्रित की गई हैं। इसके तहत 2,000 करोड़ रुपए से अधिक के बिक्री प्रस्ताव लेनदेन को 'ए प्लस प्लस' श्रेणी में रखा गया है।

## शेयर बाजार में एक के बाद एक नए आईपीओ आने का क्रम जारी

# निवेश का सुनहरा अवसर, बाजार में आएंगे 2500 करोड़ के आईपीओ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

शेयर बाजार में एक के बाद एक नए आईपीओ आने का क्रम जारी है। आने वाले हफ्ते में कई कंपनियां मेन बोर्ड के साथ एसएमई आईपीओ लेकर आने जा रही है। ये कंपनियां कुल मिलाकर करीब 2,500 करोड़ रुपए आईपीओ के जरिए शेयर बाजार से जुटाएंगी।

### डोम्स इंडस्ट्रीज आईपीओ

डोम्स इंडस्ट्रीज का आईपीओ 13 से लेकर 15 दिसंबर के बीच खुलेगा। इस आईपीओ में 350 करोड़ रुपए का फ्रैश इश्यू और 850 करोड़ रुपए का ओएफएस शामिल है। इस ओएफएस में कंपनी के प्रमोटर्स की ओर से शेयरों की बिक्री की जा रही है। डोम्स इंडस्ट्रीज स्टेशनरी और आर्ट कारोबार में है। कंपनी भारत के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 40 देशों में व्यापार करती है।

### प्रेसस्टोनिक इंजीनियरिंग का आईपीओ

प्रेसस्टोनिक इंजीनियरिंग का आईपीओ 23 करोड़ का होगा। 32.36 लाख शेयरों का ये पब्लिक इश्यू पूरी तरह से फ्रैश इश्यू होगा। इस आईपीओ के लिए 11 और 13 दिसंबर तक बोली लगा सकते हैं। एसजे लॉजिस्टिक्स का आईपीओ 12 से 14 दिसंबर के बीच खुलेगा। इस इश्यू का साइज 48 करोड़ का है।

## 32.36 लाख शेयरों के पब्लिक इश्यू पूरी तरह से फ्रैश




*ये एसएमई आईपीओ होंगे लॉन्च : प्रेसस्टोनिक इंजीनियरिंग, एसजे लॉजिस्टिक्स, ओएसएफएम ई-मोबिलिटी और सियाराम रीसाइक्लिंग इंडस्ट्रीज के आईपीओ भी अगले हफ्ते आने जा रहे हैं।*

### इंडिया शेल्टर फाइनेंस

इंडिया शेल्टर फाइनेंस का आईपीओ भी 13 दिसंबर को खुलेगा और आम निवेशक इसमें 15 दिसंबर तक बोली लगा सकते हैं। ये इश्यू कुल 1,200 करोड़ रुपए का होगा। इसमें से 800 करोड़ का फ्रैश इश्यू होगा, जबकि 400 करोड़ रुपए का ओएफएस होगा। इसका प्राइस बैंड 469 से लेकर 473 रुपए तय किया गया है। इसका लॉट साइज 30 शेयर का है। इंडिया शेल्टर फाइनेंस एक हाउसिंग फाइनेंस कंपनी है और ये 50 लाख रुपए तक के घरों को फाइनेंस करती है।

### सियाराम रीसाइक्लिंग का आईपीओ 14 से

श्रीओएसएफएम ई-मोबिलिटी और सियाराम रीसाइक्लिंग इंडस्ट्रीज का आईपीओ 14 से 18 दिसंबर को खुलेगा। ओएसएफएम ई-मोबिलिटी का पब्लिक इश्यू का साइज 24 करोड़ रुपये का होगा और इसका प्राइस बैंड 65 रुपए तय किया गया है। वहीं, सियाराम रीसाइक्लिंग इंडस्ट्रीज का आईपीओ का साइज 23 करोड़ रुपए का होगा और इस प्राइस बैंड 43 रुपए से लेकर 46 रुपए तय किया गया है।

### 7 कंपनियों का बाजार पूंजीकरण बढ़ा


**नई दिल्ली।** देश की 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात का बाजार पूंजीकरण बीते सप्ताह 3.04 लाख करोड़ रुपये बढ़ गया। इसमें एचडीएफसी बैंक और एलआईसी में सबसे ज्यादा वृद्धि दर्ज की गई। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले सप्ताह देश की शीर्ष 10 में से सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 3,04,477.25 करोड़ रुपए बढ़ गया। इसके पीछे शेयर बाजार में जारी तेजी की अहम भूमिका रही। पिछले सप्ताह बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स 2,344.41 अंक यानी 3.47 प्रतिशत बढ़ गया। कारोबारी सप्ताह के अंतिम दिन शुक्रवार को 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 303.91 अंक यानी 0.44 प्रतिशत बढ़कर अपने सर्वकालिक उच्च स्तर 69,825.60 अंक पर पहुंच गया।

# निवेशकों की चांदी, एफपीआई ने किया 26,505 करोड़ का निवेश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

■ अक्टूबर में एफपीआई ने किया था 9 हजार करोड़ का शुद्ध निवेश

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने के पहले छह कारोबारी सत्रों में भारतीय इक्विटी बाजारों में 26,505 करोड़ रुपए का निवेश किया है। इसे तीन राज्यों में भाजपा की चुनावी जीत और मजबूत आर्थिक आंकड़ों का असर माना जा रहा है। इसके पहले अक्टूबर में एफपीआई ने 9,000 करोड़ रुपए का शुद्ध निवेश किया था। डिपॉजिटरी के आंकड़ों से पता चलता है कि अगस्त और सितंबर में विदेशी निवेशकों ने भारतीय बाजारों से 39,300 करोड़ रुपए की निकासी की थी। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने कहा कि आगे भी




एफपीआई का निवेश प्रवाह जारी रहने की संभावना है।

### निवेश प्रवाह जारी रहने की संभावना


आएफपीआई ने दिसंबर महीने में आठ तारीख तक भारतीय इक्विटी में 26,505 करोड़ रुपए का शुद्ध निवेश किया है। फिडेलफोलियो इन्वेस्टमेंट्स के संस्थापक किसलय उपाध्याय ने कहा कि राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनावों के नतीजों ने एफपीआई प्रवाह को तेजी देने में अहम भूमिका निभाई क्योंकि इससे आगे चलकर राजनीतिक स्थिरता का संकेत मिलता है। भारतीय अर्थव्यवस्था में मजबूत वृद्धि की रफ्तार, मुद्रास्फीति में गिरावट, अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में लगातार कमी और ब्रेंट क्रूड की कीमतों में नरमी ने हालात को भारत के पक्ष में बदल दिया है।

### अन्य मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर कमजोर हुआ

मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के सह निदेशक- शोध प्रबंधक हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने अगले साल की पहली तिमाही से ब्याज दर में कटौती का संकेत दिया है, जो ब्याज दर में तेजी का दौर खत्म होने का इशारा करता है। रुख में इस बदलाव से अन्य मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर कमजोर हुआ है। इसके अलावा अमेरिकी ट्रेजरी बॉन्ड के प्रतिफल में आई गिरावट ने विदेशी निवेशकों को भारतीय इक्विटी बाजारों में निवेश के लिए प्रेरित किया है। एफपीआई अग्रणी बैंकों को लेकर फिर से खरीदार बन गए हैं, जहां पहले वे बिकवाल बने हुए थे।

# बासमती चावल सहित कृषि वस्तुओं का निर्यात में आई कमी, रहा 17.93 लाख टन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



■ बासमती चावल पर न्यूनतम निर्यात मूल्य लगाने से कुछ कृषि वस्तुओं के निर्यात पर असर पड़ा

बासमती चावल एवं अन्य कृषि उत्पादों का निर्यात इस साल सितंबर में घटकर 17.93 लाख टन रह गया, जो उसके एक महीने पहले 27.94 लाख टन था।

कृषि निर्यात प्रोत्साहन निकाय एपीडा के मुताबिक, चावल की विभिन्न किस्मों पर प्रतिबंध, घरेलू आपूर्ति को बढ़ावा देने और खाद्य मुद्रास्फीति पर अंकुश लगाने के लिए बासमती चावल पर न्यूनतम निर्यात मूल्य लगाने से कुछ कृषि वस्तुओं के निर्यात पर असर पड़ा है। अप्रैल और मई में कृषि उत्पादों का निर्यात लगभग 33 लाख टन रहा था। लेकिन टूटे हुए चावल और गैर-बासमती सफेद चावल जैसी चावल की विभिन्न किस्मों के निर्यात पर बंदिशें लगने से कृषि वस्तुओं का निर्यात सितंबर में घटकर करीब 18 लाख टन पर आ गया।

### निर्यात घटकर 14,153 करोड़ रुपए रहा

कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीईडीए) के आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 के अगस्त महीने में कृषि वस्तुओं का निर्यात 27.94 लाख टन था। मूल्य के लिहाज से कृषि वस्तुओं का निर्यात सितंबर के दौरान घटकर 14,153 करोड़ रुपए रह गया, जो अगस्त में 18,128 करोड़ रुपए था। आंकड़ों से पता चलता है कि सितंबर में गैर-बासमती चावल का निर्यात 4.25 लाख टन, बासमती चावल का 1.21 लाख टन, ताजा प्याज का 1.51 लाख टन और भैंस के मांस का 1,21,427 टन निर्यात हुआ। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में कृषि वस्तुओं का कुल निर्यात 172.27 लाख टन रहा।


# कीमत बढ़ने और कर्ज महंगा होने से लोग नहीं खरीदे पा रहे आशियाना

■ रिपोर्ट में कहा गया कि नीतिगत रेपो दर में अगले साल कटौती होने से घर खरीदने की सामर्थ्य बढ़ेगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

घरों की कीमतें बढ़ने और कर्ज महंगा होने से पिछले दो साल में देश के सात प्रमुख शहरों में लोगों की घर खरीदने की सामर्थ्य प्रभावित हुई है लेकिन अगले साल रेपो दर कम होने पर हालात सुधर सकते हैं।

रियल एस्टेट परामर्श कंपनी जेएलएल इंडिया ने एक रिपोर्ट में यह आकलन पेश किया है। इसमें उम्मीद जताई गई है कि नीतिगत रेपो दर में अगले साल कटौती होने से घर खरीद सामर्थ्य बढ़ेगी। इससे घरों की



बिक्री को और बढ़ावा मिलेगा। हालांकि आवासीय संपत्ति की कीमतों में वृद्धि और आवास ऋण पर ब्याज दरें बढ़ने के बावजूद बीते दो वर्षों में घरों की बिक्री बढ़ी है। परामर्श फर्म ने अपना 'घर खरीद सामर्थ्य सूचकांक' (एचपीएआई) जारी किया।

### वैश्विक मंदी बढ़ी

इस सूचकांक से पता चलता है कि औसत वार्षिक आय (समग्र शहर स्तर पर) कमाने वाला एक परिवार मौजूदा बाजार मूल्य पर शहर में संपत्ति पर आवास ऋण के लिए पात्र है या नहीं। रिपोर्ट के मुताबिक, वैश्विक मंदी और मुद्रास्फीति के रुझानों को लेकर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के साल 2022 में रेपो दर बढ़ाने और मजबूत मांग से कीमतों में बढ़ोतरी होने से घर खरीदने की सामर्थ्य घटी।

### सिप्ला ने अमेरिका से मंगाया दवा पैकेट वापस

**नई दिल्ली।** दवा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी सिप्ला की एक अनुषंगी ने पैकेट की सील सही से लगी नहीं होने पर अमेरिका में अपनी एक खेप वापस मंगाई है। मुंबई में मुख्यालय वाली दवा कंपनी ने कहा कि अमेरिका में इन्वाजेन फार्मास्युटिकल्स विगाबैट्रिन फॉर ओरल सॉल्युशन, यूएसपी दवा की सील सही से नहीं लगी होने के मामले के बाद खुद ही उपभोक्ता स्तर पर इसकी एक खेप वापस मंगा रही है। सील टूटने के कारण पैकेट से पाउडर फैलने लगा था।इसमें कहा गया कि पैकेट की सील सही से बंद नहीं होने से इसके अंदर से पाउडर गिरने का डर होता है, जिससे उसका वजन कम हो जाएगा है। सिप्ला ने कहा कि प्राथमिक रूप से इससे नवजात और युवा बच्चे प्रभावित हो सकते हैं।

# दिल्ली हवाई अड्डे पर टैक्सीवे के इस्तेमाल से बचेंगे 150-180 करोड़

■ लगने वाले समय और ईंधन खपत में कमी आएगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



दिल्ली हवाई अड्डे पर बने ईस्टर्न क्रॉस टैक्सीवे का इस्तेमाल करने से एयरलाइंस को सालाना लगभग 150-180 करोड़ रुपए की बचत हो सकती है। हवाई अड्डे के एक शीर्ष अधिकारी ने यह अनुमान जताया है। हवाई अड्डे का परिचालन करने वाली कंपनी दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डॉयल) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विदेह कुमार जयपुरियार ने कहा कि अगर 10-15 प्रतिशत विमान भी इस टैक्सी का इस्तेमाल करते हैं तो करीब 55,000 टन कार्बनडाई ऑक्साइड की बचत हो सकती है। हवाईपट्टी पर जाने में लगने वाले समय और ईंधन खपत में कमी आने से एयरलाइंस 150 करोड़ रुपए से लेकर 180 करोड़ रुपए तक की बचत कर सकती हैं। इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर प्रतिदिन 1,500 विमानों की आवाजाही होती है। इस हवाई अड्डे पर कुछ महीने पहले ही 2.1 किलोमीटर लंबा ईस्टर्न क्रॉस टैक्सीवे (ईसीटी) बना है, जो चौड़े आकार वाले विमानों को भी संभाल सकता है।

### अप्रिलिया आरएस 457 लॉन्च



**नई दिल्ली।** इतालवी मोटरसाइकिल निर्माता अप्रिलिया ने भारतीय दोपहिया बाजार के लिए अपनी सबसे प्रतीक्षित मोटरसाइकिल बिल्कुल नई अप्रिलिया आरएस 457 लॉन्च की है। इसकी शोरूम कीमत 4.10 लाख रुपए है। आरएस 457 को पहली बार भारत में कुछ महीने पहले प्रदर्शित किया गया था। इसके बाद मोटोजीपी भारत 2023 में इसकी पहली सार्वजनिक उपस्थिति हुई। अप्रिलिया भारत में आरएस 457 का उत्पादन करेगी। लेकिन इसे पहली बार यूएसए में लॉन्च किया गया था।

## पिछले साल के मुकाबले नौ प्रतिशत बढ़कर 1,099.90 अरब यूनिट हो गई

# औद्योगिक गतिविधियां तेज होने से बढ़ी बिजली खपत


एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चालू वित्त वर्ष के पहले आठ महीनों में बिजली की खपत पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले करीब नौ प्रतिशत बढ़कर 1,099.90 अरब यूनिट हो गई, जो आर्थिक गतिविधियों में उछाल को दर्शाती है।

अप्रैल-नवंबर 2022-23 में देश में बिजली की खपत 1,010.20 अरब यूनिट रही थी। इसके पहले 2021-22 की समान अवधि में यह आंकड़ा 916.52 अरब यूनिट था। वित्त वर्ष 2022-23 की समूची अवधि में बिजली की खपत 1,504.26 अरब यूनिट थी, जो वित्त वर्ष 2021-22 में 1,374.02 अरब यूनिट थी। उद्योग विशेषज्ञों ने कहा कि चालू वित्त वर्ष के पहले आठ महीनों में बिजली की खपत में लगभग नौ प्रतिशत की वृद्धि अर्थव्यवस्था में उछाल को दर्शाती है।

### नौ वर्षों में 194 गीगावाट बिजली क्षमता जोड़ने में सफल

विशेषज्ञों के मुताबिक, इस साल गर्मियों के दौरान देश के कुछ हिस्सों में अच्छी बारिश होने से मार्च, अप्रैल, मई और जून में बिजली की खपत प्रभावित हुई। उन्होंने कहा कि अगस्त, सितंबर और अक्टूबर में उमस रहने और त्योहारी मांग की वजह से औद्योगिक गतिविधियां तेज होने से बिजली की खपत बढ़ी। केंद्रीय बिजली मंत्री आरके सिंह ने हाल ही में लोकसभा को एक लिखित उत्तर में बताया कि वित्त वर्ष 2013-14 से 2022-23 तक बिजली की मांग में 50.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि बिजली की अधिकतम मांग 2013-14 में 136 गीगावाट थी, जो सितंबर, 2023 में 243 गीगावाट पर पहुंच गई। उन्होंने सदन में कहा था कि सरकार बीते नौ वर्षों में 194 गीगावाट बिजली क्षमता जोड़ने में सफल रही है।




### अधिकतम मांग जून में 224.1 गीगावाट के पहुंची थी

बिजली मंत्रालय का अनुमान था कि गर्मियों के दौरान देश की बिजली की अधिकतम मांग 229 गीगावाट तक पहुंच जाएगी। लेकिन बेमौसम बारिश होने से अप्रैल-जुलाई में मांग अनुमानित स्तर तक नहीं पहुंच पाई थी।

हालांकि बिजली की अधिकतम मांग जून में 224.1 गीगावाट के नए शिखर पर पहुंच गई थी लेकिन जुलाई में यह गिरकर 209.03 गीगावाट पर आ गई। अगस्त में अधिकतम मांग 238.82 गीगावाट तक पहुंच गई। इस साल सितंबर में यह 243.27 गीगावाट की रिकॉर्ड ऊंचाई पर था। लेकिन अक्टूबर में अधिकतम मांग 222.16 गीगावाट और नवंबर में 204.86 गीगावाट रही।

### ऋण प्रतिभूतियों के लिए सेबी लाएगा फास्ट ट्रैक सिस्टम




**नई दिल्ली।** बॉन्ड बाजार को मजबूत करने के लिए बाजार नियामक सेबी ऋण प्रतिभूतियों के लिए फास्ट ट्रैक सार्वजनिक निर्गम की संकल्पना लाने पर विचार कर रहा है। इसके साथ ही निजी आवंटन के आधार पर जारी गैर-परिवर्तनीय ऋणपत्र सहित ऋण प्रतिभूतियों के अंकित मूल्य को मौजूदा एक लाख रुपए से घटाकर 10 हजार रुपए करने पर भी विचार चल रहा है। यदि इन प्रस्तावों को लागू किया जाता है, तो इससे कारोबारी सुगमता को बढ़ावा मिलेगा।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड से 2-1 से जीती वनडे श्रृंखला



**ब्रिजटाउन।** वेस्टइंडीज ने तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में इंग्लैंड को डकवर्थ लुईस पद्धति से चार विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला 2-1 से जीती। बारिश के कारण मैच को पहले 43 और फिर बाद में 40 ओवर का कर दिया गया। इंग्लैंड के बल्लेबाजों का लचर प्रदर्शन फिर से जारी रहा और उसकी टीम 40 ओवर में नौ विकेट पर 209 रन ही बना पाई। बारिश के कारण वेस्टइंडीज की पारी शुरू होने में देर लगी, जिससे उसके सामने 34 ओवर में 188 रन का लक्ष्य रखा गया। वेस्टइंडीज ने 31.4 ओवर में छह विकेट पर 191 रन बनाकर जीत दर्ज की। वेस्टइंडीज की तरफ से शेफर्ड के अलावा कार्टी ने 50 और एलिस अथनेज ने 45 रन का योगदान दिया। इन दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 76 रन की साझेदारी की। तेज गेंदबाज मैथ्यू फोर्ड ने 29 रन देकर तीन विकेट लेने के अलावा नाबाद 13 रन भी बनाए और वनडे में उन्हें पदार्पण पर ही मैन ऑफ द मैच चुना गया। शेफर्ड और फोर्ड ने 69 रन की अटूट साझेदारी की।

## अश्विनी-तनीषा बनीं गुवाहाटी मास्टर्स सुपर 100 चैंपियन

**गुवाहाटी।** अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो की भारतीय महिला युगल जोड़ी ने रविवार को यहां सुंग शुओ युन और यू चिएन हुई की चीनी ताइपे की जोड़ी को सीधे गेम में हराकर गुवाहाटी मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट का खिताब जीता जो इस जोड़ी का दूसरा सुपर 100 खिताब है। पिछले हफ्ते लखनऊ में सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय सुपर 300 टूर्नामेंट की उप विजेता रही अश्विनी और तनीषा की दूसरी वरीय जोड़ी ने दुनिया की 81वें नंबर की जोड़ी को 40 मिनट में 21-13, 21-19 से हराया।भारतीय जोड़ी का यह तीसरा खिताब है। इस जोड़ी ने इससे पहले अबु धाबी मास्टर्स सुपर 100 और नेट्स अंतरराष्ट्रीय चैलेंज का खिताब भी जीता था। चौंतीस साल की अश्विनी और 20 साल की तनीषा ने इस साल जनवरी में ही एक साथ खेलना शुरू किया है।



## खबर संक्षेप



### गलती हमारी, पिच को चुनौतीपूर्ण बना दिया

**मुंबई।** भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने अपनी टीम के लचर बल्लेबाजी प्रदर्शन के लिए पिच पर दोष मढ़ने से परहेज करते हुए कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के लिए तैयार किया गया विकेट उतना चुनौतीपूर्ण नहीं था जितना कि वह लग रहा था। दीप्ति ने कहा, 'पिच इतनी चुनौतीपूर्ण नहीं थी कि उसमें केवल 70 या 80 रन ही बन पाते। हमें कुछ और रन बनाने चाहिए थे जिससे हमारा स्कोर 110-115 के आसपास पहुंच जाता। अगर हमने बीच में साझेदारियां निभाई होती तो हम अच्छे स्कोर तक पहुंच सकते थे। हम इससे सबक लेकर अगले मैच में उतरेंगे।'

### रियाज ने अपने बयान के बाद लिया 'यू टर्न'

**कराची।** पाकिस्तान के मुख्य चयनकर्ता वहाब रियाज ने टेस्ट श्रृंखला के लिए आस्ट्रेलया दौरे से बाहर होने के लिए तेज गेंदबाज हारिस रऊफ की काफी आलोचना की थी लेकिन अब उन्होंने वहां 'बिग बैश लीग' में खेलने के लिए उन्हें एनओसी प्रदान करने के फैसले का बचाव किया। वहाब ने पिछले महीने पाकिस्तान की टेस्ट टीम की घोषणा के वक्त हारिस की आलोचना की थी। लेकिन शनिवार को मीडिया से बात करते हुए वहाब ने कहा कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने इस एनओसी का इंतजाम किया है ताकि हारिस न्यूजीलैंड में टी20 श्रृंखला के लिए फॉर्म में बरकरार रहें।



### ऑस्ट्रेलिया में पाक के पास चिकित्सक नहीं

**कराची।** वीजा और पासपोर्ट से जुड़े मसलों के कारण ऑस्ट्रेलिया गई पाकिस्तान की सीनियर टीम के पास चिकित्सक नहीं है जबकि अंडर-19 टीम बिना टीम मैनेजर के संयुक्त अरब अमीरात पहुंची है। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड दौरे के लिए सोहेल सलीम को टीम का आधिकारिक चिकित्सक नियुक्त किया गया था लेकिन वह अभी तक टीम से नहीं जुड़ पाए हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के विश्वसनीय सूत्रों ने बताया, 'पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड अभी डॉक्टर सलीम के लिए वीजा हासिल करने का प्रयास कर रहा है।

### रसेल की 2 साल बाद क्रिकेट में वापसी

**नई दिल्ली।** अनुभवी तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर आंद्रे रसेल ने इंग्लैंड के खिलाफ अगले सप्ताह से शुरू होने वाली आगामी सीरीज के लिए वेस्टइंडीज की टी20 टीम में वापसी की है। यूएई में 2021 टी20 विश्व कप के बाद पहली बार आंद्रे रसेल सबसे छोटे प्रारूप में वेस्टइंडीज की टीम में वापस आए हैं। 35 वर्षीय ने हाल ही में अबू धाबी टी10 लीग में डेक्कन ग्लेडियेटर्स के लिए खेला, जहां उनकी टीम शनिवार को प्रतियोगिता के फाइनल में न्यूयॉर्क स्ट्राइकर्स से हार गई।

## फुटबॉल : कोलो मुआनी ने 83वें मिनट में दागा विजयी गोल

# पीएसजी ने लीग वन में जीता लगातार आठवां मैच, नैनटेस को 2-1 से हराया

एजेंसी ⏭ पेरिस

पेरिस सेंट-जर्मेन ने नैनटेस को 2-1 से हराकर लीग वन में लगातार आठवीं जीत दर्ज कर तालिका में शीर्ष स्थान पर अपनी स्थिति और मजबूत की। मोनाको ने एक अन्य मुकाबले में 10 खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए रेनेसे को 2-1 से हराया और नीस को पछाड़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गया। पीएसजी के स्थानापन्न खिलाड़ी रैंडल कोलो मुआनी ने 83वें मिनट में विजयी गोल दागा।

इससे पहले मैच के 41 वें मिनट में ब्रैडली बारकोला ने टीम का खाता खोला था। मुस्तफा मोहम्मद मैच के 55वें मिनट में गोल कर नैनटेस को बराबरी दिलाने में सफल रहे। टीम मैच के आखिर तक पीएसजी को और गोल करने से रोक नहीं पाई। मोनाको को वैनडसन ने मैच के 51वें मिनट में बढ़त दिलाई। इस खिलाड़ी को हालांकि 74वें मिनट में रेड कार्ड मिलने के कारण मैदान से बाहर जाना पड़ा। टीम पर इसका ज्यादा असर नहीं पड़ा और युसूफ फोफना ने उनकी बढ़त 2-0 कर दी। बेंजामिन बॉरीगौड ने 90वें मिनट में रेनेसे के लिए गोलकर मैच में वापसी की कोशिश की लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी।



### पेले की 10 नंबर जर्सी नहीं पहनेगा सांटोस का कोई खिलाड़ी


साओ पाउलो। ब्राजील के प्रमुख फुटबॉल क्लब सांटोस का कोई भी खिलाड़ी टीम के सीनियर डिवीजन (सीरी ए) में वापसी तक पेले की मशहूर 10 नंबर जर्सी को नहीं पहनेगा। पेले अपने करियर के दौरान सांटोस की तरफ से खेलते रहे और उनकी 10 नंबर की जर्सी विश्व फुटबॉल में विशेष स्थान रखती है। पेले का पिछले साल 29 दिसंबर को 81 साल की उम्र में निधन हो गया था। सांटोस के नवनियुक्त अध्यक्ष मार्सेलो टेक्सेरा ने कहा कि जब तक उनकी टीम सेकंड डिवीजन में खेलती रहेगी तब तक उसके खिलाड़ी 10 नंबर की जर्सी नहीं पहनेंगे। उन्होंने कहा, 'जब तक सांटोस की सीरी ए में वापसी नहीं हो जाती, तब तक हम 10 नंबर की जर्सी का उपयोग नहीं करेंगे।'

### प्रीमियर लीग की तालिका में शीर्ष पर पहुंचा लिवरपूल

**लंदन।** हार्वे इलियट के दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में किए गए गोल की मदद से लिवरपूल ने क्रिस्टल पैलेस को 2-1 से हराया, जिससे वह इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबाल प्रतियोगिता की अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया। मोहम्मद सलाह ने प्रीमियर लीग में अपना 150वां और लिवरपूल की तरफ से सभी प्रतियोगिताओं में 200वां गोल करके लिवरपूल को बराबरी दिलाई थी। इसके बाद स्थानापन्न खिलाड़ी इलियट ने 91वें मिनट में विजयी गोल दागा। क्रिस्टल पैलेस को जीन फिलिप माटेटा ने 57वें मिनट में पेनल्टी पर गोल करके बढ़त दिलाई थी। लिवरपूल इस जीत से आर्सेनल से एक अंक आगे हो गया है। आर्सेनल को एस्टन विला ने 1-0 से हराया। लिवरपूल के अब 16 मैच में 37 अंक हो गए हैं जबकि आर्सेनल के इतने ही मैचों में 36 अंक हैं। एस्टन विला के 35 अंक हैं और वह तीसरे स्थान पर है।



## भारत-दक्षिण अफ्रीका के बीच पहला टी20 बारिश से धूला



एजेंसी ⏭ डरबन

टी20 विश्व कप 2024 के लिए आदर्श संयोजन तलाशने की भारत की कोशिशों को रविवार को झटका लगा जब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यहां होने वाला पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच लगातार बारिश के कारण एक भी गेंद फेंके बिना रद्द हो गया। गातार बारिश के कारण मैच में टॉस भी नहीं हो पाया। मैच भारतीय समयानुसार साढ़े सात बजे शुरू होना था लेकिन लगातार बारिश के कारण पिच को कवर से ढककर रखा गया। अंपायरों ने लगभग दो घंटे इंतजार करने के बाद मैच रद्द करने का फैसला किया। तीन मैच की श्रृंखला का दूसरा टी20 मंगलवार 12 दिसंबर को केबेरहा में खेला जाएगा।

### ओम प्रकाश बने चौरसिया टूर्नामेंट के चैंपियन

**कोलकाता।** ओम प्रकाश चौहान चौथे दौर में एक ओवर 73 का कार्ड खेलने के बावजूद रविवार को यहां एक करोड़ रुपए पुरस्कार वाले एसएसपी चौरसिया आमंत्रण गोल्फ टूर्नामेंट को एक शॉट से जीतने में सफल रहे। चौहान ने चार दौर में कुल छह अंडर 282 (70-69-70-73) के स्कोर के साथ जीत दर्ज की। वह चौथे दौर में लय में नहीं थे लेकिन आखिरी होल में बर्डी लगाकर एक शॉट से सत्र का चौथा खिताब जीतने में सफल रहे। यह उनके करियर का 11वां खिताब है। इस जीत से 37 साल के चौहान को 15 लाख रुपए इनाम के तौर पर मिले।

## अमी और मलकीत ने जीता राष्ट्रीय 6 रेड स्नूकर खिताब






एजेंसी ⏭ चेन्नई

मध्यप्रदेश की कई बार की चैंपियन अमी कमानी ने रविवार को यहां राष्ट्रीय बिलियड्र्स एवं स्नूकर चैंपियनशिप के फाइनल में तमिलनाडु की अनुपमा रामचंद्रन को 4-1 से हराकर राष्ट्रीय 6 रेड स्नूकर महिला खिताब अपने नाम किया। अमी ने 2017 में राष्ट्रीय बिलियड्र्स, स्नूकर और 6 रेड स्नूकर खिताब जीते थे। शनिवार को मलकीत सिंह फाइनल में आरएसपीबी के साथी ई पांडुरंगइया को हराकर नए राष्ट्रीय 6 रेड स्नूकर पुरुष चैंपियन बने। मलकीत सिंह ने शनिवार को रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड के पांडुरंगइया को 'बेस्ट ऑफ 13' फ्रेम के फाइनल में 7-5 से शिकस्त दी।

### ग्रिफिथ और विक्रमादित्य ने जीती रैकेटलॉन ट्राफी

**मुंबई।** ब्रिटेन के ल्यूक ग्रिफिथ और भारत के विक्रमादित्य चायूफ्ला ने यहां बॉम्बे जिमखाना अंतरराष्ट्रीय रैकेटलॉन ओपन के अपने संबंधित वर्गों में खिताब अपने नाम किए। ग्रिफिथ ने अपने भाई लियोन ग्रिफिथ को एलीट ए वर्ग के फाइनल में 12-21, 21-17, 21-14, 21-11 से मात दी। विक्रमादित्य ने स्विट्जरलैंड के ग्राहम किंग को हराकर बी वर्ग का खिताब अपने नाम किया। गैर वरीयता प्राप्त विक्रमादित्य ने तीसरी वरीयता प्राप्त किंग को फाइनल में 20-22, 21-4, 21-13 से पराजित किया। रैकेटलॉन एक संयुक्त खेल है जिसमें एक प्रतिस्पर्धी को रैकेट वाले चार खेल खेलने होते हैं जिसमें टेबल टेनिस, बैडमिंटन, टेनिस और स्क्वाश शामिल हैं। विक्रमादित्य पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी हैं जिन्होंने विश्व रैकटलॉन चैम्पियनशिप के पिछले दो चरण में भी प्रतिनिधित्व किया था।



## भारतीय महिला टीम ने तीसरे टी20 में इंग्लैंड पर दर्ज की सांत्वना जीत

एजेंसी ⏭ मुंबई

गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना की 48 रन की पारी के दम पर भारतीय महिला टीम ने तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में रविवार को यहां इंग्लैंड को पांच विकेट से शिकस्त देकर सांत्वना जीत दर्ज की। तीन मैचों की श्रृंखला के शुरुआती दोनों मैचों में भारत को हार का सामना करना पड़ा था। श्रृंखला 2-1 से इंग्लैंड के नाम रही।

इंग्लैंड को 20 ओवर में 126 रन पर आउट करने के बाद भारत ने एक ओवर शेष रहते पांच विकेट पर 130 रन बनाकर जीत दर्ज की। भारत के लिए स्मृति मंधाना ने 48 गेंद की पारी में पांच चौके और दो छक्के जड़ने के अलावा दूसरे विकेट के लिए जेमिमा रोड्रिग्स (29 रन) के साथ 57 रन की साझेदारी कर टीम की जीत की नींव रखी। अमनजोत कौर ने चार गेंद में तीन चौके की मदद से नाबाद 13 रन बनाकर प्रभावित किया। कप्तान हरमनप्रीत कौर छह रन पर नाबाद रही। रेणुका सिंह (दो विकेट) ने शुरुआती ओवर में टीम को सफलता दिलाई जबकि सैका इशाक (तीन विकेट) और 'प्लेयर ऑफ द मैच' श्रेयंका पाटिल (तीन विकेट) की स्पिन गेंदबाजों की जोड़ी ने बीच के ओवरों में इंग्लैंड के बल्लेबाजों पर शिकंजा कसकर रखा। अमनजोत कौर ने पारी की आखिरी दो गेंदों पर विकेट चटकाए।



### पाकिस्तान ने भारत को 8 विकेट से हराया

**दुबई।** भारत और पाकिस्तान के बीच अंडर-19 एशिया कप 2023 का महामुकाबला आज दुबई के आईसीसी स्टेडियम में खेला गया। पाकिस्तान ने भारत को 8 विकेट से हराया। भारत के खिलाफ पाकिस्तान की अंडर-19 टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया और भारतीय टीम ने पहले बैटिंग करते हुए 50 ओवर में 259 रन बनाए है। भारत की तरफ से आर्दश सिंह (62), कप्तान उदय सरण (60) और सचिन दास (58) ने अर्धशतकीय पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान ने दो विकेट खोकर 263 रन बनाकर मैच जीत लिया। पाकिस्तान की तरफ से शाहजेब खान ने 63 रन बना। अजान अवैस ने नाबाद 105 रन और कप्तान साद बेग ने नाबाद 68 रन का योगदान दिया। पहले मैच में अफगानिस्तान अंडर-19 को टीम इंडिया ने 7 विकेट से हराया था।



## महिला प्रीमियर लीग की नीलामी में सबसे महंगी भारतीय बनीं गौतम

# एलिसा हीली का विकेट लेना चाहती है काशवी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

महिला प्रीमियर लीग की नीलामी में सबसे महंगी भारतीय 'अनकैप्ड' खिलाड़ी तेज गेंदबाज काशवी गौतम ने कहा कि इस प्रतियोगिता के आगामी सत्र में ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज एलिसा हीली का विकेट लेने पर उन्हें सबसे अधिक खुशी मिलेगी।

चंडीगढ़ की रहने वाली तेज गेंदबाज गौतम को शनिवार को हुई नीलामी में गुजरात जॉइंट्स ने दो करोड़ रुपए में खरीदा था। गौतम आक्रामक बल्लेबाजी करने में भी सक्षम है। गौतम ने कहा, 'यह अभी अविश्वसनीय है। मैं अभ्यास के बाद टीम बस में यात्रा कर रही थी और तब मेरी एक साथी खिलाड़ी ने मुझे नीलामी के बारे में बताया। राशि बढ़ती गई और मुझे चुन लिया गया।यह मेरे लिए अपना कौशल दिखाने का बहुत बड़ा मौका है। हम सभी मिताली जी को अपना आदर्श मानते हैं। उनसे बातचीत करना और गुर सीखने का यह मेरे लिए बहुत बड़ा मौका होगा।' गौतम से पूछा गया कि वह किस खिलाड़ी को गेंदबाजी करने को लेकर उत्साहित हैं, उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है एलिसा हीली या कोई भी अन्य विदेशी खिलाड़ी जैसे हेली मैथ्यूज।'



### केट के आने से टीम मजबूत

*रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की कप्तान स्मृति मंधाना ने उम्मीद जताई कि इंग्लैंड की अनुभवी तेज गेंदबाज केट क्रॉस के टीम में आने से महिला प्रीमियर लीग 2024 के दूसरे सत्र में गेंदबाजी में पैनापन आएगा और वह खासकर पावरप्ले में रेणुका सिंह की मदद करने में सफल रहेंगी। रॉयल चैलेंजर्स ने शनिवार को खिलाड़ियों की नीलामी में क्रॉस को 30 लाख रुपए की बोली में शामिल किया।*

### माता-पिता को उपहार में देना चाहती हूं कार

***मुंबई।** महिलाओं की प्रीमियर लीग में 1.30 करोड़ रुपए में बिकी वृंदा दिनेश ने कहा कि वह नीलामी के बाद इतनी अभिभूत और भावुक थीं कि अपनी मां को फोन करने का साहस नहीं जुटा पायीं। बाईस साल की वृंदा शनिवार को डब्लूपीएल की नीलामी में दूसरी सबसे ज्यादा राशि में बिकने वाली 'अनकैप्ड' भारतीय खिलाड़ी बन गईं। वृंदा ने कहा, 'मुझे लगता है कि उनकी (मां) आंखों में आंसू थे। मैंने वीडियो कॉल नहीं की थी क्योंकि मैं उनकी आंखों में आंसू नहीं देख सकती थी। मैंने सिर्फ उन्हें फोन किया। मैं जानती थी कि वे अभिभूत थे। वे मेरे लिए बहुत खुश थे। मैं उन्हें गौरवान्वित करना चाहती हूं। मैं अपने माता-पिता को वो कार दूंगी जिसका उन्होंने हमेशा सपना देखा। इस समय मेरा पहला लक्ष्य यही है और बाद में देखेंगे।'*




।। आवश्यकता।।

आपके पसंदीदा अग्रणी अखबार "गरीबों का सितारा" को राजस्थान एवं अन्य राज्यों के प्रमुख जिलों से संपादक एवं ब्यूरो चीफ नियुक्त करने हेतु आवश्यकता है एक्सपर्ट एवं अनुभवी कुशल युवक-युवतियों की।

नोट : अनुभवी, साफ छवि तथा मार्केट में पकड़ रखने वाले व्यक्ति ही सम्पर्क करें।

प्रमोद शर्मा, सम्पादक, Mob. 8233553666
राजेन्द्र शर्मा, प्रधान सम्पादक, Mob. 7733050125

।। सन् 1987 से प्रकाशित अखबार ।।

गरीबों का सितारा — निष्पक्ष कलम, निर्भीक आवाज

भारत व राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों हेतु स्वीकृत अखबार


गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।




## अश्वत्थामा का किरदार निभाएंगे शाहिद

**मुंबई।** अभिनेता शाहिद कपूर को आखिरी बार फिल्म 'ब्लडी डैडी' और 'फर्जी' में देखा गया था। शाहिद को इन फिल्मों में उनके किरदार को लेकर खूब सराहना मिली। इन दिनों उनके पास अभिनेत्री कृति सेनन के साथ फिल्म है, जिसका अभी नाम तय नहीं हुआ है। इसके अलावा अब खबर आ रही है कि शाहिद ने अपनी अगली फिल्म के लिए वाशु भगनानी के साथ हाथ मिलाया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस फिल्म में वे 'अश्वत्थामा' का किरदार निभाते नजर आएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, निर्माता वाशु भगनानी की आगामी फिल्म महाभारत पर आधारित है। बताया जा रहा है कि शाहिद कपूर ने फिल्म साइन कर ली है। वे इस फिल्म में गुरु द्रोणाचार्य के पुत्र अश्वत्थामा की भूमिका में नजर आएंगे। वाशु भगनानी के पूजा एंटरटेनमेंट ने इस फिल्म की घोषणा वर्ष 2021 में की थी।

लाइफ Style

# दीपिका



## 'बेशरम रंग 2.0', सीन ने मचाया बवाल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

दीपिका पादुकोण ने अपनी आने वाली फिल्म 'फाइटर' का टीजर रिलीज होते ही एक बार फिर इंटरनेट पर आग लगा दी है। सिद्धार्थ आनंद की 'फाइटर' में ऋतिक रोशन लीड रोल में हैं। फैंस फिल्म के बारे में हर एक छोटी बात जानने के लिए एक्साइटेड हैं, और वे फिल्म में दीपिका और ऋतिक की केमिस्ट्री को देखकर अपनी स्क्रीन से चिपके हुए हैं।

'फाइटर' 25 जनवरी, 2023 को रिलीज़ होने वाली है और इसके टीज़र ने सभी का दिल जीत लिया है। शुक्रवार को फिल्म फाइटर के मेकर्स ने टीजर रिलीज किया, जिसने सभी के होश उड़ा दिए। लेकिन पूरे टीजर में दीपिका और रितिक का स्टीमी सीन था जिसकी चर्चा हर जगह हो रही है। हाल ही में, एक नेटीजन ने टीज़र से दोनों के किसिंग सीन का स्क्रीनशॉट शेयर किया, जिसमें दोनों को समंदर किनारे एक-दूसरे में खोए हुए दिखाया गया है। जहां दीपिका ने काले रंग की मोनोकिनी पहनी हुई है, वहीं ऋतिक शर्टलेस हैं और बेज रंग की पैंट में डैपर लग रहे हैं। जैसे ही तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की गई, नेटिज़ेंस ने कमेंट सेक्शन में प्यार बरसाया और दोनों की खूब तारीफ की। एक यूजर ने लिखा, 'ऋतिक और दीपिका आखिरकार स्क्रीन पर आ गए... यह बहुत हॉट है!' एक ने लिखा, 'रणवीर ने अपने पंजाबी गाने की प्लेलिस्ट को मूसेवाला से प्रभ गिल में बदल दिया।' इस बीच, एक तीसरे कमेंट में लिखा था, 'बेशरम रंग 2.0।' एक ने लिखा, 'वो ऋतिक को किस कर रही हैं, लेकिन उसके माइंड में वो रणवीर के साथ है।' इससे पहले, दीपिका पादुकोण करण जौहर के शो 'कॉफी विद करण सीजन 8' में पहुंची थीं।

हॉलीवुड मसाला



## एवेंजर्स टीम में होगी वापसी

**लॉस एंजिलिस।** साल 2019 में फिल्म 'एवेंजर्सः एंडगेम' में उस एक सीन ने हर सिनेमा प्रेमी की आंखों में आंसू ला दिए, जब दुनिया को बचाने के लिए आयरन मैन ने अपनी जान दे दी। रॉबर्ट डाउनी जूनियर ने 'आयरन मैन' बनकर दुनियाभर के लोगों का दिल जीता। साल 2008 में मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स की पहली फिल्म 'आयरन मैन' के साथ शुरू हुआ उनका सफर 11 साल बाद अचानक थम गया। यह वह सीन था, जिसे देखकर आंखों को भरोसा नहीं हुआ। दिल कहने लगा कि नहीं ऐसा नहीं हो सकता।




## मिस्टर एंड मिसेज स्मिथ का दमदार ट्रेलर जारी

**लॉस एंजिलिस।** प्राइम वीडियो ने डोनाल्ड ग्लोवर और माया एर्स्किन अभिनीत मिस्टर एंड मिसेज स्मिथ के रूपांतरण का ट्रेलर जारी किया है। सीरीज के सभी आठ एपिसोड दो फरवरी को लॉन्च होंगे। मिस्टर एंड मिसेज स्मिथ के इस संस्करण में दो अकेले अजनबी एक रहस्यमय जासूसी एजेंसी के लिए काम करते हैं, जो उन्हें जासूसी, धन, विश्व यात्रा और मैनहट्टन में एक स्वप्निल ब्राउन स्टोन का शानदार जीवन प्रदान करती है। इसी नाम की 2005 की फिल्म से प्रेरित सीरीज में दोनों कलाकार ब्रैड पिट और एंजेलिना जोली की भूमिकाएं निभाते हैं। सीरीज के विवरण में लिखा है, स्मिथ से मिलें, दो अजनबी-जॉन और जेन, जिन्होंने जासूसी और शादी दोनों में एक साथ भागीदार बनने के लिए अपने जीवन और पहचान को त्याग दिया है।/" यह सीरीज दो फरवरी, 2024 को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।



## शाहरुख के अपोजिट कास्ट होना बड़ी खुशी

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस कटरीना कैफ भी हाल ही में सऊदी अरब के जेद्दा में आयोजित तीसरे रेड सी अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह में शामिल हुई थीं। यहां दर्शकों से संवाद करते हुए कटरीना ने कहा कि सिनेमा में हिट होने का पहले से कोई तय फार्मूला नहीं होता। एक्ट्रेस ने कहा- 'यहां हम किसी 'एक्स फैक्टर' की उम्मीद नहीं कर सकते जो आपको हमेशा सफलता दिला दे। आप पहले से यह तय नहीं कर सकते कि रोल हिट होगा या यह स्क्रिप्ट चल जाएगी। कटरीना और शाहरुख ने साथ में पहली बार 'जब तक है जान' में काम किया था। इसके बाद दोनों फिल्म 'जीरो' में भी साथ नजर आए थे। कटरीना ने आगे कहा कि उन्हें हमेशा अच्छे लोगों का साथ मिला है। एक्ट्रेस ने बताया कि जब यश चोपड़ा ने उन्हें शाहरुख खान के साथ 'जब तक है जान' में कास्ट



## यश की फिल्म 'टॉक्सिक' का टीजर रिलीज

**मुंबई।** 'केजीएफ' फ्रेंचाइजी की जबरदस्त सफलता के बाद सुपरस्टार यश ने अपनी अगली फिल्म के फाइनल नाम की घोषणा करते हुए इसका टीजर जारी कर दिया है। उन्होंने टीजर में बताया है कि उनकी इस अगली फिल्म का नाम 'यश 19' की जगह क्या है। इस टीजर के जरिए उन्होंने बताया है कि फिल्म की नाम 'टॉक्सिक' है जिसे बनाने जा रहे हैं मलयालम फिल्म प्रड्यूसर गीतू मोहनदास, जो इसका निर्देशन करेंगे। इस फिल्म का प्रॉडक्शन केवीएन प्रॉडक्शंस से हो रही है जिसने इसकी ऑफिशियल अनाउंसमेंट सोशल मीडिया पर की। अब तक इस फिल्म का नाम 'यश 19' के नाम से जाना जा रहा था। आज शुक्रवार सुबह 9.55 बजे एक शानदार और आकर्षक टीज़र के साथ इसका ऑफिशियल अनाउंसमेंट किया गया है।

टीवी मसाला

## 'वन नाइट स्टैंड' कमेंट के बाद अभिषेक पर भड़की ईशा की टीम




**मुंबई।** बिग बॉस 17 के घर में एक्स कपल अभिषेक कुमार और ईशा मालवीय अक्सर चर्चा बटोरते हैं। हाल ही में इम्यूनिटी टास्क के दौरान दोनों के बीच भयंकर लड़ाई हो गई। बात तब बढ़ गई जब अभिषेक ने ईशा पर पर्सनल अटैक किया और उन पर कई भद्दे कमेंट किए। बिग बॉस 17 में अभिषेक कुमार और ईशा मालवीय के बीच अक्सर झगड़े होते हैं, लेकिन इस एक्टर ने हद पार कर दी। बिग बॉस 17 में इस बार लड़ाई के दौरान अभिषेक कुमार ने ईशा पर कमेंट करते हुए उनकी बॉडी शेमिंग की। इतना ही नहीं उन्होंने स्लट शेमिंग, कैरेक्टर शेमिंग और ईशा के परिवार तक को भला बुरा कहा। उन्होंने ईशा को लेकर कहा कि वो रात को क्लब जाती हैं और सुबह आती हैं। अभिषेक ने भी कहा कि ईशा ब्यूटी इंजेक्शन लेती हैं। नेशनल टीवी पर ईशा मालवीय की इस इनसल्ट के बाद एक्ट्रेस की टीम ने रिएक्ट किया है। उन्होंने ईशा मालवीय की इंस्टा स्टोरी में कुछ पोस्ट शेयर करते हुए अभिषेक के खिलाफ बयान जारी किया और उन्हें खूब लताड़ लगाई।

### करण और तेजस्वी के लिपलॉक से गुलजार हुआ सोशल मीडिया

*मुंबई। करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश टेलीविजन इंडस्ट्री के सबसे पसंदीदा कपल्स में से एक हैं। उनकी प्रेम कहानी 'बिग बॉस 15' में शुरू हुई, और वे अभी भी कपल गोल्स देने का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं। अब, तेजस्वी ने डेटिंग रियलिटी शो 'टेम्पटेशन आइलैंड इंडिया' के सीजन 1 में शिरकत की है, जिसकी होस्टिंग करण कुंद्रा और मौनी रॉय करते हैं। जैसे ही तेजस्वी एपिसोड में शो में आईं, उन्होंने करण के साथ एक प्यारा पल शेयर किया, और दोनों का लिप लॉक सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जैसे ही 'टेम्पटेशन आइलैंड इंडिया' के सीजन 1 का प्रोमो पोस्ट किया गया, हमें लवबर्ड्स, प्रकाश और करन के कुछ प्यारे पल देखने को मिले। एपिसोड के लिए, करण काले रंग के सूट में थे, जबकि तेजस्वी ने गहरी नेकलाइन वाली लाल रंग की ड्रेस चुनी।*



## 88 साल के धर्मेंद्र ने बर्थडे पर काटा केक





**मुंबई।** दिग्गज एक्टर धर्मेंद्र 8 दिसंबर को 88 साल के हो गए हैं। वह अपना 88वां जन्मदिन पूरे परिवार और चाहने वालों के साथ मना रहे हैं और सोशल मीडिया पर 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' के एक्टर के लिए भर-भरे विशेज आ रही हैं। शुक्रवार की सुबह, धर्मेंद्र अपने बेटे सनी देओल के साथ अपने फैंस और मीडिया के साथ अपना जन्मदिन मनाने के लिए बाहर निकले। उन्हें एक बड़ा केक काटते हुए देखा गया, उस वक्त उनके फैंस ने उन पर फूलों की बारिश की। धर्मेंद्र का बर्थडे केक बेहद शानदार है। इसकी झलक आप देखते रह जाएंगे। पपाराज़ी की शेयर की गई तस्वीरों और वीडियो में धर्मेंद्र को एक बड़ा सा टू-टियर केक काटते हुए देखा जा सकता है, जो उनके फैंस उनके लिए लेकर आए थे। उन्होंने काली पैंट के साथ एक शर्ट और मैचिंग टोपी पहनी हुई थी। इस दौरान सनी देओल उनके बगल में खड़े थे और बेज कलर के पैंट के साथ नीली शर्ट में नजर आए।

## 'एनिमल' का फैन हुआ 'पुष्पा'

**मुंबई।** संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बनी फिल्म 'एनिमल' दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर सफलता के झंडे गाड़ने में सफल रही है। रणबीर कपूर की इस ब्लॉकबस्टर मूवी ने कई रिकॉर्ड तोड़े हैं। अब 'पुष्पा' से पैन इंडिया स्टार बने अभिनेता अल्लू अर्जुन ने भी रणबीर की 'एनिमल' पर अपनी प्रतिक्रिया दी है, जो देखते ही देखते सोशल मीडिया पर छा गई है। नवीनतम राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेता अल्लू अर्जुन ने बकायदा पोस्ट कर फिल्म और इसकी पूरी टीम की तारीफ की है। अभिनेता ने लिखा, 'एनिमल। बस मन को झकझोर देने वाला। सिनेमाई प्रतिभा से अभिभूत। बधाई हो।' फिल्म में प्रदर्शन के बारे में बात करते हुए, अल्लू ने कहा, 'रणबीर कपूर जी भारतीय सिनेमा के प्रदर्शन को एक नए स्तर पर ले गए। बहुत प्रेरणादायक। आपने जो जादू पैदा किया है, उसे समझाने के लिए मेरे पास वास्तव में शब्द नहीं हैं। मेरा गहरा सम्मान है।'





### *'एनिमल' का कहर झेल रही सैम बहादुर*

*मुंबई। विक्की कौशल की फिल्म 'सैम बहादुर' को सिनेमाघरों में रिलीज हुए एक हफ्ते पूरे हो गए हैं। बॉक्स ऑफिस पर इसका सामना रणबीर कपूर की 'एनिमल' के तूफान से है। अपने पहले हफ्ते में जहां 'सैम बहादुर' ने देश में 38.80 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया है, वहीं अब इसके ओटीटी पर रिलीज होने की चर्चा भी शुरू हो गई है। इसमें कोई दोराय नहीं है कि 'एनिमल' की बंपर कमाई के कारण 'सैम बहादुर' का सिनेमाघरों में तगड़ा नुकसान हुआ है, लेकिन बावजूद इसके यह एक सधी हुई चाल में आगे बढ़ रही है। अब एक नई रिपोर्ट में फिल्म को बड़े पर्दे के बाद ओटीटी पर लाने की तैयारियों का ब्योरा दिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, मेकर्स 'सैम बहादुर' के डिजिटल प्रीमियर में जुट गए हैं। नए नियम के आधार पर, सिनेमाघरों में रिलीज के बाद किसी भी फिल्म को ओटीटी पर आने के लिए 8 हफ्ते का इंतजार करना पड़ता है। हालांकि, कई मामलों में ऐसा नहीं भी हुआ है।*

### चोट-घावों को ठीक करने और डीएनए बनाने के लिए महत्वपूर्ण

# शरीर के बेहतर विकास के लिए जरूरी है जिंक

*स्वस्थ जीवन जीने के लिए शरीर का हेल्दी होना बेहद जरूरी है। शरीर को सेहतमंद बनाने के लिए सही आहार काफी जरूरी है। विभिन्न विटामिन और मिनरल्स हमारे शरीर के विकास और इसे ताकत देने में अहम भूमिका निभाते हैं। यही वजह है कि बड़े-बुजर्गों से लेकर डॉक्टर्स तक लोगों को हेल्दी और पोषक तत्वों से भरपूर डाइट फॉलो करने की सलाह देते हैं।*



शरीर में मौजूद सभी पोषक तत्व जहां हमें स्वस्थ बनाते हैं, तो वहीं इनकी कमी कई गंभीर समस्याओं की वजह भी बन सकती है। जिंक इन्हीं पोषक तत्वों में से एक है, जो एक मिनरल है, जिसका इस्तेमाल शरीर द्वारा संक्रमण से लड़ने और कोशिकाओं के निर्माण के लिए किया जाता है। साथ ही यह चोट-घावों को ठीक करने और डीएनए बनाने के लिए महत्वपूर्ण है। हालांकि, इसकी कमी से शरीर को काफी नुकसान भी होता है। ऐसे में आप इन फूड्स से अपने शरीर में जिंक की कमी पूरी कर सकते हैं।

### सीड्स




कद्दू के बीज, हैम्प सीड्स, तिल के बीज और अलसी के बीज में भारी मात्रा में जिंक पाया जाता है। आप इन बीजों को नाश्ते की तरह खा सकते हैं या फिर स्मूदी, दही और सलाद में मिलाकर अपनी डाइट का हिस्सा बना सकते हैं।

### डेयरी प्रोडक्ट्स



डेयरी प्रोडक्ट्स जैसे दूध, पनीर और दही में प्रचुर मात्रा में जिंक पाया जाता है। ऐसे में शरीर में इसकी कमी होने पर आप इन डेयरी प्रोडक्ट्स को डाइट में शामिल कर सकते हैं।

### सब्जियां




सब्जियां भी हमारी सेहत के लिए काफी गुणकारी होती है। जिंक की कमी पूरी करने के लिए आप कुछ सब्जियों को भी अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। शतावरी, केल, मटर और पालक जैसी सब्जियां आपकी दैनिक जिंक की जरूरत को पूरा करने में मदद करती हैं।

### नट्स



मूंगफली, बादाम, पाइन नट्स और काजू जैसे नट्स जिंक का शानदार स्त्रोत होते हैं। अपने आहार में नट्स को शामिल करके जिंक और अन्य आवश्यक तत्व प्राप्त किए जा सकते हैं।

### डार्क चॉकलेट



*अगर आप चॉकलेट खाने के शौकीन हैं, तो इससे भी जिंक की कमी दूर कर सकते हैं।खासकर डार्क चॉकलेट में अन्य हेल्दी एंटीऑक्सीडेंट के साथ जिंक भी शामिल होता है। ऐसे में जिंक की कमी दूर करने के लिए गहरे रंग की चॉकलेट चुनें, जिसमें कोको का प्रतिशत ज्यादा हो।*

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com